

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 21

ग्वालियर, रविवार 16 अक्टूबर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## स्वस्थ समाज की नींव रखने के लिए मजबूत न्याय व्यवस्था होना बेहद जरूरी : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कानून मंत्रियों और कानून सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। अपने वर्चुअल संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि किसी भी स्वस्थ समाज की नींव रखने के लिए मजबूत न्याय व्यवस्था का होना बेहद जरूरी है। पीएम मोदी ने कानून मंत्रियों और सचिवों से कहा कि कानून बनाते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि यह गरीबों को भी आसानी से समझ में आने वाला हो। किसी भी आम नागरिक के लिए कानून की भाषा बाधा नहीं बनना चाहिए, इसका हमेशा ख्याल रखा जाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब लोकहित को लेकर सरदार पटेल की प्रेरणा, हमें सही दिशा में ले जाएगी और हमें लक्ष्य तक पहुंचाएगी भी। उन्होंने कहा कि भारत के समाज की विकास यात्रा हजारों वर्षों की है। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारतीय समाज ने निरंतर प्रगति की है। हमारे समाज की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह प्रगति के पथ पर बढ़ते हुए, खुद में आंतरिक सुधार भी करता चलता है। हमारा समाज अप्रासंगिक हो चुके कायदे-कानूनों, कुरीतियों को, गलत रिवाजों को हटाता भी चलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से देश में बीते वर्षों में लाखों केसों को सुलझाया गया है। इनसे अदालतों का बोझ भी कम हुआ है और खासतौर पर, गांव में रहने वाले लोगों को, गरीबों को न्याय मिलना भी बहुत आसान हुआ है। देश के लोगों को सरकार का भाव भी



नहीं लगना चाहिए और देश के लोगों को सरकार का दबाव भी महसूस नहीं होना चाहिए। देश ने डेढ़ हजार से ज्यादा पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को रद्द कर दिया है। इनमें से अनेक कानून तो गुलामी के समय से चले आ रहे हैं। उन्होंने कहा देश में त्वरित न्याय का एक और माध्यम लोक अदालतें बनी हैं। कई राज्यों में इसे लेकर बहुत अच्छा काम हुआ है। लोक अदालतों के माध्यम से देश में बीते वर्षों में लाखों केसों को सुलझाया गया है। कानून बनाते हुए हमारा फोकस होना चाहिए कि गरीब से गरीब भी नए बनने वाले कानून को अच्छी तरह समझ पाएं। किसी भी नागरिक के लिए कानून की भाषा बाधा न बने, हर राज्य इसके लिए भी काम करे, इसके लिए हमें लॉजिस्टिक और इंफ्रास्ट्रक्चर का सपोर्ट भी चाहिए होगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं के लिए मातृभाषा में एकेडमिक सिस्टम भी बनाना होगा, लॉ से जुड़ा पाठ्यक्रम मातृभाषा में हो, कानून सरल हों, सहज भाषा में लिखे जाएं, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण मामलों की डिजिटल लाइब्रेरी स्थानीय भाषा में हो, इसके लिए हमें काम करना होगा। उन्होंने कहा टेक्नोलॉजी किस तरह आज न्याय व्यवस्था का अभिन्न अंग बन गई है, यह हमने कोरोना काल में भी देखा। आज देश में ई-कोर्ट्स मिशन तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### डिफेंस एक्सपो के विशाल आयोजन का उद्घाटन 19 अक्टूबर को करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** सामरिक साजो सामान से सजी डिफेंस एक्सपो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अक्टूबर करेंगे। डिफेंस एक्सपो का पैमाना पिछली बार की तुलना में बहुत बड़ा होगा और सरकार को 1.25 लाख करोड रुपये से ऊपर के निवेश के लिए 400 से अधिक सहमतिपत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। यह बात अधिकारियों ने शुक्रवार को कही। डिफेंस एक्सपो (डेफएक्सपो 2022) 18 से 22 अक्टूबर तक गांधीनगर में आयोजित की जाएगी। रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने कहा, 'डिफेंस एक्सपो का यह 12वां संस्करण देश में सबसे बड़ा होगा, इसका विषय 'पाथ टू प्राइड' (गौरव का पथ) होगा। यह रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा। इसका उद्घाटन 19 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।' कुमार ने कहा, 'इस डिफेंस एक्सपो का पैमाना देश में इस तरह के किसी भी पिछले आयोजन से बड़ा होगा।

## गोवा में बीयर पर एक्साइज ड्यूटी में करीब 10-12 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई

**पणजी।** गोवा जाकर सस्ती बीयर पीने का मजा लेने वालों के लिए यह खबर अच्छी नहीं है। अब गोवा के बीच पर बीयर पीने के लिए आपको और जेब ढीली करनी पड़ेगी, क्योंकि सरकार ने इसके



दाम बढ़ा दिए हैं। राज्य सरकार ने बीयर पर एक्साइज ड्यूटी यानी उत्पाद शुल्क में करीब 10-12 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। हालांकि, हार्ड शराब पर उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अब तक कहा जाता है कि गोवा में सबसे सस्ती बीयर मिलती है, मगर इस फैसले के बाद शायद शराब उद्योग पर प्रभाव पड़े। बीयर की कीमत बढ़ाने का प्रमोद सावंत सरकार का फैसला ऐसे समय में आया है, जब महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में शराब के परिवहन पर रोक लगा दी है। इतना ही नहीं, महाराष्ट्र ने गोवा से राज्य में शराब लाने वाले लोगों पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम लागू करने की धमकी दी है। दावा किया जा रहा है कि यह फैसला शराब उद्योग को प्रभावित कर सकता है। दरअसल, गोवा हमेशा भारत के अन्य राज्यों, विशेषकर महाराष्ट्र और कर्नाटक की तुलना में सस्ती शराब दरों के लिए जाना जाता है। गोवा जाने वाले लोग अक्सर यहां सस्ती बीयर का लुत्फ उठाते हैं। बीयर की कीमतों में इस बढ़ोतरी से गोवा में पर्यटन भी प्रभावित होगा।

## खास खबर

### कैप्टन इब्राहिम त्राओरे आधिकारिक तौर पर बुर्किना फासो के राष्ट्रपति बने

**लंदन।** कैप्टन इब्राहिम त्राओरे बुर्किना फासो में सत्ता परिवर्तन के बाद आधिकारिक रूप से राष्ट्रपति बन गए। दो सप्ताह पहले उन्होंने देश में इस साल का दूसरा तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा जमाया था, लेकिन वह भविष्य में चुनाव होने पर राष्ट्रपति पद के लिए भाग्य आजमाने के वास्ते अयोग्य हैं। सैन्य अधिकारियों, सिविल समाज के संगठनों और पारंपरिक एवं धार्मिक नेताओं की एक राष्ट्रीय असेंबली ने पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के लिए नए चार्टर को मंजूरी दे दी। चार्टर में कहा गया है कि सत्तारूढ़ सैन्य सरकार 'एमपीएसआर' का प्रमुख न सिर्फ राष्ट्रपति, बल्कि सशस्त्र बलों का भी सर्वोच्च प्रमुख है। हालांकि, इसमें स्पष्ट किया गया है कि वह भविष्य में राष्ट्रपति चुनाव होने पर इस पद के लिए खड़ा नहीं हो सकता। बुर्किना फासो में नए सिरे से तख्तापलट से यह डर पैदा हो गया है कि देश की राजनीतिक अराजकता से क्षेत्र में इस्लामी कट्टरपंथियों की हिंसा और बढ़ सकती है। अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह से जुड़े जिहादियों ने हजारों लोगों को पहले ही मौत के घाट उतार दिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की सीएसआईआर सोसाइटी की बैठक की अध्यक्षता


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) सोसाइटी की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ एन कलाईसेल्वी के अलावा सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय सूद भी शामिल हुए। कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशकों ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री सीएसआईआर सोसाइटी के अध्यक्ष होते हैं। यह सोसाइटी परिषद की सर्वोच्च निकाय है, जिसकी बैठक आमतौर पर वर्ष में एक बार होती है। सोसाइटी का कार्यकाल तीन वर्षों का होता है। सन 2019 में इसका गठन किया गया था। बैठक में संगठन के कार्यों की समीक्षा की जाती है और भावी कार्यक्रमों के बारे में विचार-विमर्श किया जाता है।

### हवाई सर्वेक्षण करके नहीं देखी जा सकती जमीनी हकीकत : वरुण गांधी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने उत्तर प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रारंभिक योग्यता परीक्षा (पीईटी) को स्थगित नहीं करने और परीक्षा केंद्रों तक छात्रों को पहुंचाने के उचित प्रबंध नहीं किए जाने को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाल ही में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने पर तंज कसते हुए कहा जमीनी हकीकत हवाई सर्वेक्षणों से नहीं दिखाई देती। पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी ने कहा कि राज्य बाढ़ की चपेट में है और 37 लाख से अधिक छात्र पीईटी की परीक्षा देने निकले हैं। उन्होंने दावा किया कि छात्रों के लिए प्रश्न पत्र हल करने से बड़ी चुनौती परीक्षा केंद्रों तक पहुंचना है। वरुण ने कहा कि छात्रों की लगातार मांग के बावजूद पीईटी को न तो स्थगित किया गया और न ही उनके परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए पर्याप्त बंदोबस्त किए गए। उन्होंने रेलवे स्टेशनों और ट्रेन में छात्रों की भारी भीड़ की तस्वीरें भी साझा कीं।

## चीन- राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पद से हो सकती है रवानगी, पार्टी में उठे विरोध के स्वर!

**बीजिंग।** चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग हैट्रिक लगाने जा रहे हैं वे तीसरी बार सत्ता पर आरूढ़ होने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन इस तैयारी से पहले चीन में ऐसी अफवाहें भी फैलीं कि सेना तख्तापलट कर सकती है। शी जिनपिंग को अपनी राष्ट्रपति वाली कुर्सी



छोड़नी पड़ सकती है। कम्युनिस्ट पार्टी किसी दूसरे शख्स को राष्ट्रपति बनाएगी। अब एक तरफ अगर इन अटकलों ने पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया तो दूसरी तरफ चीन की धरती से शी जिनपिंग के खिलाफ उठ रहे विरोध के सुर ने भी कई सवाल खड़े कर दिए। जिस चीन में मीडिया पर पूरा कंट्रोल रखा जाता है, जहां पर प्रदर्शन शुरू होने से पहले समाप्त कर दिए जाते हैं, वहां पर इस समय शी जिनपिंग के खिलाफ खुला विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। ये प्रदर्शन भी तब शुरू हुआ है जब शी जिनपिंग इतिहास रचने जा रहे हैं। वे लगातार तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति बननें के ख्वाब देख रहे हैं। लेकिन उनके इस ख्वाब के बीच में विरोध के सुर भी तेज हो गए हैं। मांग की जा रही है कि चीन को नया राष्ट्रपति मिले, शी जिनपिंग अपने पद से इस्तीफा दे दें। बीजिंग में दो बड़े बैनर लगाए गए हैं।

## शोपियां में आतंकियों ने कश्मीरी पंडित को लक्ष्य कर चलाई गोलियां, अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**श्रीनगर।** आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर में फिर एक कश्मीर पंडित समुदाय के एक व्यक्ति को अपना निशाना बनाया और शोपियां जिले के चौधरी गुंड इलाके में उस पर फायररिंग कर दी। व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक बयान में कहा 'शोपियां के चौधरी गुंड में एक बाग की ओर जा रहे एक नागरिक पूरन कृष्ण भट पर आतंकवादियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है, अब हमलावरों की तलाश में सर्च अभियान चलाया गया है।

हमलावरों की पहचान करने के लिए आस पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में ही आतंकियों ने अगस्त 2022 के मध्य में सेब बागान से छिपकर आम नागरिकों पर गोलियां चलाई थीं। इस गोलीबारी में एक कश्मीरी हिन्दू सुनील कुमार भट की मौत हो गई थी। वहीं उनके भाई पिंटू कुमार भट घायल हो गए थे, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आतंकी संगठन केएफएफ (कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।



आतंकी संगठन का कहना था कि ये दोनों कश्मीरी पंडित भाई तिरंगा रैली में शामिल हुए थे, इसीलिए इन्हें निशाना बनाया गया। जम्मू-कश्मीर में टारगेट किलिंग की घटनाएं इस साल अप्रैल-मई से बढ़ गई हैं। बीते 12 मई को बडगाम जिले में आतंकियों ने तहसील ऑफिस में घुसकरकश्मीरी पंडित राहुल भट को गोली मार दी थी, उनकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद 31 मई को कुलगाम में आतंकियों ने महिला टीचर रजनीबाला की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वह सांबा की रहने वाली थीं। उनकी हत्या कुलगाम के गोपालपोरा में की गई है। इसी साल 2 जून को आतंकियों ने राजस्थान के हनुमानगढ़ के रहने वाले बैंक मैनेजर विजय कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वह कुलगाम के मोहनपोरा में देहाती बैंक मे तैनात थे।

## तुर्की- एक कोयला खदान में भीषण धमाका, 22 की दर्दनाक मौत, 50 अन्य अब भी फंसे

**अंकारा।** तुर्की में एक कोयला खदान में भीषण दुर्घटना में डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। शुक्रवार देर शाम इस एक कोयला खदान में भीषण विस्फोट होने के बाद कम से कम



22 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों खनिक उसमें फंस गए। अधिकारियों ने जानकारी दी कि खदान में बने मिथैन गैस की वजह से यह हादसा हुआ होगा। यह घटना तुर्की के काला सागर तट की है, जहां बचाव दल खदान में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए सर्च ऑपरेशन चला रहा है। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन कोका ने इस हादसे को तुर्की की सबसे घातक औद्योगिक दुर्घटनाओं में से एक बताया और कहा कि खदान में से जिंदा निकाले जाने के बाद आठ लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, आंतरिक मंत्री सुलेमान सोयलू ने कहा कि इस खदान में कुल 110 लोग काम कर रहे थे। इनमें से कुछ खुद बाहर आ गए, कुछ को बचाया गया और कुछ लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लगभग 50 खनिक जमीन के नीचे 300 और 350 मीटर (985 से 1,150 फीट) के बीच दो अलग-अलग क्षेत्रों में फंसे हुए हैं। विस्फोट बार्टिन प्रांत के अमसारा शहर की एक खदान में हुआ। धमाके के कारण पता लगाया जा रहा है। तुर्की की आपदा प्रबंधन एजेंसी एएफएडी ने कहा कि कई बचाव टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया है। वहीं, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने कहा कि वह अपनी आज होने वाले सभी कार्यक्रम रद्द कर देंगे और शनिवार को दुर्घटनास्थल के लिए उड़ान भरेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि खनिकों को जिंदा निकाला जाएगा और मृतकों की संख्या में इजाफा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी प्रयास जारी हैं।

## हिजाब पाबंदी पर फैसला सुनाने वाले जज हेमंत गुप्ता बोले-जज का काम लोगों को खुश करना नहीं

**नई दिल्ली।** कर्नाटक से उठे हिजाब विवाद मामले ने पूरे देश में तूफान खड़ा क दिया मामले में अपना फैसला सुनाने वाले जस्टिस हेमंत गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट को अलविदा कह दिया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जज का काम लोगों को खुश करने का नहीं, बल्कि कानून के आधार पर मामलों का फैसला करने होता है। कर्नाटक हिजाब प्रतिबंध मामले में शीर्ष न्यायालय के दो जजों की बेंच की राय अलग-अलग थी। जस्टिस गुप्ता ने कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने शिक्षण संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध हटान से इनकार कर दिया था। बहरहाल, इस मामले पर अभी शीर्ष न्यायालय का अंतिम फैसला आना बाकी है। जबकि,



जस्टिस सुधांशु धूलिया ने अपीलों को स्वीकार किया था। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने विदाई भाषण दिया। उन्होंने कहा, एक जज लोगों को खुश नहीं कर सकता...यह काम उसका नहीं है। वह भूमिका सार्वजनिक जीवन में दूसरों को दी गई है। कोई व्यक्ति लोगों को खुश करने के इरादे से अपना काम नहीं कर सकता। मैं अदालत में कठोर था मुखर था।% न्यायमूर्ति गुप्ता ने कहा कि शीर्ष अदालत में रहना %व्यक्तिगत रूप से समृद्ध अनुभव% था और उन्हें हमेशा सभी वकीलों से सहायता मिली। उन्हें दो नवंबर, 2018 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। न्यायमूर्ति गुप्ता ने अदालत में मौजूद अधिवक्ताओं से कहा, व्यक्तिगत रूप से बोल रहा हूं, मैंने लगभग 20 वर्षों की अपनी पारी का भरपूर आनंद लिया। प्रत्येक दिन मेरे लिए सीखने वाला था और आप सभी ने सीखने की प्रक्रिया में मेरी मदद की है। बहुत-बहुत धन्यवाद। अधिवक्ता न्यायमूर्ति गुप्ता को उनके अंतिम कार्यदिवस पर विदाई देने के लिए अदालत कक्ष में मौजूद थे। न्यायमूर्ति गुप्ता के सेवानिवृत्त होने से शीर्ष अदालत में सेवारत न्यायाधीशों की संख्या घटकर 28 हो जाएगी।

## पाक अस्पताल की छत पर सड़ रहीं 200 लाशें, अधिकारी बोले इसके लिए पुलिस जिम्मेदार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मुल्तान शहर के एक अस्पताल की छत से करीब 200 लाशें बरामद की गई हैं। पाक मीडिया में आई खबरों के मुताबिक मुल्तान के निश्तार अस्पताल के मुर्दाघर की छत से मानव शरीर के सैकड़ों अंग बरामद किए गए हैं। सरकार ने इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। निश्तार अस्पताल के एक शीर्ष अधिकारी ने अस्पताल की छत पर लाशों के सड़ने के लिए पुलिस और रेस्क्यू अधिकारियों को दोषी ठहराया है। लाशों के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अस्पताल की छत पर अज्ञात शवों की जानकारी मिलने के बाद पंजाब और निश्तार मेडिकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर ने अलग-अलग समितियों का गठन किया है। वेबसाइट से बात करते हुए मेडिकल यूनिवर्सिटी के एनाटॉमी विभाग की प्रमुख डॉ मरियम अशरफ ने कहा कि मुर्दाघर की छत पर लाशों के जमा होने के लिए रेस्क्यू अधिकारियों और पुलिस को जिम्मेदार ठहराया गया है। उन्होंने कहा कि मुर्दाघर लाशों को स्वीकार करने से इनकार नहीं कर सकता क्योंकि



यह उन्हें रखने के लिए बाध्य है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस और रेस्क्यू अधिकारी हमें इन्हें अस्पताल में रखने के लिए कहते हैं और समय से इन्हें वापस लेकर नहीं जाते। हमारे पास लिखित दस्तावेज हैं जिनमें हमने उन्हें लाशों को ले जाने के लिए कहा है। अस्पताल की अधिकारी ने कहा कि पुलिस से मिलने वाले शव आमतौर पर सड़ जाते हैं और उन्हें मुर्दाघर में नहीं रखा जा सकता है। धीरे-धीरे कीड़े लाशों को खाना शुरू कर देते हैं और एक से दूसरी लाश पर पहुंच जाते हैं। इसलिए सड़ती हुई लाशों को छत पर रखा जाता है जहां तीन कमरे हैं।

## राजा, रानी, महाराजयों का समय समाप्त, लोकतंत्र के कोई राजा नहीं होता: शाह

### कांग्रेस पार्टी का काम केवल आग लगाना।

**सतौन (पावंटा साहिब)।** भाजपा ने एक विशाल हट्टी अभिनंदन रैली का आयोजन किया जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने भाग लिया। उनके मंच पर पहुंचते ही लोगों में जबरदस्त जोश देखा गया और सिरमौर जय हाती जय माटी के नारे से गूंज उठा। अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश में चुनाव का शंखनाद किया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा की हिमाचल की जनता का जोश मैने टीवी पर नरेंद्र मोदी रैली के दौरान देखा था पर आज मैने यह जोश साक्षात देख लिया है। यहां के लोगो को क्या पीड़ा थी उसका असली एहसास मुझे यहां आकर पता चला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक झटके में साफ 55 साल पुरानी परेशानी को साफ कर दिया और हाटी को जनजातीय का दर्जा दे दिया। यह केवल सुदृण इच्छा शक्ति के कारण संभव होता है। इस निर्णय से सिरमौर के 359 गांव लाभांवित हुए है और आपकी 25 पीढ़ियां इस निर्णय का लाभ उठाएगी। हाटी को तीन प्रकार का आरक्षण मिला है




शिक्षा, राजनीतिक और सरकारी नौकरियों सभी क्षेत्रों में में हाटी को आरक्षण मिलेगा। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की एक बात है को वो जिस काम के पीछे लगते है उसके पूरा भी करते है, इस काम के लिए वह मुझसे 25 बार मिले। हाटी आरक्षण ना मिलने से एक बड़ी समस्या सामने आई थी पहाड़ के एक तरफ वाला भाई सामान्य माना जाता था और दूसरी तरफ का एक भाई जनजातीय माना जाता था। मामा सामान्य होता था और भांजा जनजातीय, कितनी बड़ी विडंबना थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक दृष्टि इस मुद्दे पर पड़ी और जनता को झटके से जनजातीय का दर्जा मिल गया। अमित शाह ने कांग्रेस को आग लगाये बिना चेन नहीं आता और उनका काम तो आग लगाने का ही है। दलितो को कहने लगे की आपका आरक्षण चला जाएगा पर मैं अपने पेन से लिख कर देता हूं की दलित का दर्जा सौ प्रतिशत सुरक्षित है। कांग्रेस का काम केवल मात्र आग लगाने का है। यह आरक्षण केवल लाभ है इसके कोई नुकसान नही है अनुसूचित जाति का कुछ जाएगा नहीं और जनजातियों को ज्यादा मिलेगा। मोदी सरकार और जयराम सरकार तारीफ के काबिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल विकास में विश्वास रखते हैं और कांग्रेस आग लगने में विश्वास रखती है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### टी20 विश्व कप से पहले कप्तानों ने मांकड़िंग रन आउट का विरोध किया

**मेलबर्न।** रविवार से यहां शुरु हो रहे टी20 विश्वकप क्रिकेट को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। इसमें क्वालीफाइंड दौर के बाद सुपर-12 स्तर के मुकाबले 22 अक्टूबर से शुरू होंगे। इसमें न्यूजीलैंड और मेजबान ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला होगा। इस टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले सभी 16 कप्तानों ने एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि कोई भी टीम मांकड़िंग रन आउट नहीं करेगी। यह पत्रकार वार्ता ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, नामीबिया, नीदरलैंड, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात के कप्तानों के पहले बैच के साथ शुरू हुई। कप्तानों का दूसरा बैच बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे का था। जैसे ही कार्यक्रम शुरु हुआ। मीडिया जगत कसे सवाल आने शुरु हो गये। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा में मांकडिंग रहा। कप्तानों से पूछा गया था कि क्या वे मांकड़िंग के समर्थन में हैं तो सभी ने इसके विरोध में अपनी बात रखी। इससे यह तय है कि विश्व कप में मांकड़िंग नहीं होगी।

### श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया

**सिलहट।** महिला एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में शनिवार को श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। इस मैच के लिए श्रीलंकाई टीम ने अपनी अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों में कोई बदलाव नहीं किया है पर भारतीय टीम ने डी हेमलता की जगह पर राधा यादव को शामिल किया है। हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, एस मेघना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, किरण नवगीरे और पूजा वस्त्राकर। चमारी अटापट्टू (कप्तान), निलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधा कुमारी, हर्षिता समरविक्रमा, मधुशिका मेथटानंद, हसीनी परेरा, ओधादी रणसिंघे, इनोका रणवीरा, अनुष्का संजीवनी, कौशानी नुथ्यंगना, मालशा शेहानी और मालशा शेहानी।

# रोहित से सीखने का प्रयास करता हूं: बाबर



**सिडनी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने रविवार से यहां शुरु हो रहे टी20 विश्वकप से पहले आईसीसी के एक कार्यक्रम में अपनी बातों से सबका दिल जीत लिया। आईसीसी ने विश्व कप से पहले सभी कप्तानों की एक संयुक्त पत्रकार वार्ता आयोजित की थी। इसमें पाक कप्तान से जब भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'ये मेरे से बड़े हैं और मैं इनसे सीखने ओर अनुभव हासिल करने का प्रयास करता हूं क्योंकि इन्होंने क्रिकेट के लिए इतना कुछ किया हुआ है। मेरा प्रयास रहता है कि जो चीजें सीखी जाए वह अच्छा रहता है।.' रोहित और बाबर की बातचीत का यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। टी20 विश्व कप में भारत और पाक की टीमें 23 अक्टूबर को आमने-सामने होंगी। ये दोनों ही टीमें इस मैच में जीत से शुरुआत करना चाहेंगी। भारत और पाकिस्तान की टीमें हाल में एशिया कप में दो बार आमने सामने हुई थीं जहां दोनों को एक-एक मुकाबले में जीत मिली थी। इस मौके पर रोहित ने कहा, ' हम जानते हैं और ये बात अच्छे से समझते भी हैं कि पाक से मुकाबला हमारे लिए बड़ा है पर इसका ये मतलब नहीं कि हम हर समय उसी की बातें कर बेकार में दबाव बना लें। हम लोग आपस में जब भी मिलते हैं।

## शाहीन के खिलाफ आक्रामक रणनीति से उतरें भारतीय बल्लेबाज: गंभीर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा कि टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के मुख्य तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों को आक्रामक रुख अपनाना चाहिये। गंभीर ने कहा कि शाहीन की गेंदबाजी में विकेट बचाने की रणनीति से नुकसान ही होगा। टी-20 विश्व कप में 23 अक्टूबर को भारतीय टीम का पहला मुकाबा पाकिस्तान से होगा। माना जा रहा है कि इस टूर्नामेंट में शाहीन भारतीय बल्लेबाजों से सामने बड़ी चुनौती पेश करेंगे। इससे पहले वह घुटने की चोट के कारण एशिया कप के लिए टीम में शामिल नहीं थे। गंभीर ने कहा कि शाहीन के सामने विकेट बचाने की जगह आक्रामक होकर रन बनाने की रणनीत अपनानी होगी। साथ ही कहा कि जब आप विकेट बचाने के लिए खेलने लगोगे तो सब कुछ बहुत छोटा हो जाएगा। बैकलिफ्ट, फुटवर्क सब जबकि टी-20 क्रिकेट में इस सोच के साथ नहीं खेला जा सकता। उन्होंने कहा कि मुझे मालूम है कि वह खतरनाक गेंदबाज है पर जीत के लिए भारतीय बल्लेबाजों को उसके खिलाफ रन बनाने ही होंगे। भारत के पास तीन से चार शीर्ष स्तर के बल्लेबाज हैं जो शाहीन पर भारी पड़ सकते हैं। वहीं भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने गेंदबाजों से कहा है कि पाक कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को शॉट के लिए जगह बनाने मत दो। रिजवान पावरप्ले में आक्रामक रुख अपनाता है, वहीं आजम संभल कर खेलना है।



फ्रांस में विश्व ट्रैक वर्ल्ड साइक्लिंग चैम्पयनशिप में भाग लेती हुई फ्रांस की मिलिडी ग्रोस जर्मनी की लीया फ्रेडिक वह जर्मनी की इमा हिंज।

# पाक के साथ मुकाबले को लेकर अनावश्यक दबाव नहीं बनाना चाहते : रोहित

**मेलबर्न)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार से शुरु हो रहे टी20 विश्व कप से पहले आईसीसी के एक कार्यक्रम में कहा कि खेल में चोटिल होना लगा रहता है। इसको लेकर कोई कुछ नहीं कर सकता है। यदि आप काफी मैच खेलते हैं, तो चोट लगेगी ही। इसलिए हमने गत एक साल से युवाओं को अधिक से अधिक अवसर दिये हैं ताकि बैंच स्ट्रेंथ को बेहतर बनाया जा सके। इस टूर्नामेंट में सभी की निगाहें 23 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर होने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच मैच पर लगी हैं। इसको लेकर रोहित ने कहा कि वह भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के महत्व को जानते हैं,



लेकिन इस मैच के बारे में लगातार सोचकर खुद पर और अपनी टीम पर गैरजरुरी दबाव नहीं डालेंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि ÷ इसके बारे में बात करने का और खुद को दबाव में लाने का कोई मतलब नहीं है। इससे पहले पाक कप्तान बाबर आजम ने भी यही बात कही है। रोहित ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह टीम में शामिल मोहम्मद शमी के बारे में बात की। रोहित ने कहा, ' ??2-3 सप्ताह पहले शमी की कोविड-19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी तब वह अच्छे अपने फार्म में थे, फिर चोटिल होने के बाद वह एनसीए गए और उनकी सेहत ठीक हो गयी। वह अभी ब्रिस्बेन में हैं।'

उन्होंने साथ ही कहा, 'भारतीय टीम पर्थ से ब्रिस्बेन पहुंचेगी, कल हमारा अभ्यास सत्र है। वह टीम के साथ अभ्यास करेंगे, हमने अब तक शमी के बारे में जो कुछ भी सुना है, वह सकारात्मक रहा है। उसके पिछले 3-4 गेंदबाजी सत्र अच्छे रहे हैं, लेकिन फिर से जब चोटों की बात आती है।

## बुमराह का करियर ज्यादा महत्वपूर्ण ~ रोहित

**पर्थ ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 विश्वकप में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरने को लेकर कहा कि विश्वकप अहम है पर उससे भी महत्वपूर्ण बुमराह का अपने करियर के लिए फिट होना है। रोहित ने कहा कि बुमराह हमारे मुख्य तेज गेंदबाज है और हमें उनकी कमी खलेगी पर उससे भी अहम उनका करियर है। रोहित ने कहा, 'जहां तक ??बुमराह की बात है तो उन्होंने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया है पर आप चोटों के बारे में कुछ नहीं कर सकते। हमने विशेषज्ञों से बात की और उन्होंने उन्हें आराम की सलाह दी है। विश्व कप महत्वपूर्ण है नी उनका करियर उससे भी अधिक अहम है। वह अभी युवा हैं और हम उनके करियर को खतरे में नहीं डाल सकते क्योंकि अभी उनमें काफी क्रिकेट बाकी है।'वहीं इससे पहले शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आधिकारिक रुप से दिये अपने बयान में कहा कि बुमराह की जगह मोहम्मद शमी को टीम में शामिल किया गया है। बुमराह अभी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में उपचार करा रहे है। उनकी चिकित्सा रिपोर्ट के आधार पर ही बोर्ड ने यह फैसला किया है जिसमें कहा गया है कि यह तेज गेंदबाज अभी अगले कई महीनों तक क्रिकेट नहीं खेल पायेगा। उनकी जगह शामिल शमी ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुके हैं और वह ब्रिसबेन में अभ्यास मैचों से पहले टीम से जुड़ेंगे।

## पाक टीम का मध्यक्रम खराब : अख्तर

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर अख्तर को डर है कि कहीं पाकिस्तान टीम आईसीसी टी20 विश्वकप 2022 के पहले ही दौर में ही बाहर न हो जाये। अख्तर ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, %मैंने पहले भी कहा है और फिर कह रहा हूं, मुझे डर है कि यह पाक टीम पहले ही दौर में विश्व कप से बाहर हो जाएगी। उन्होंने कहा, %टीम का मध्यक्रम अच्छा नहीं है। अगर टीम के सलामी बल्लेबाज विफल रहते हैं तो मध्यक्रम दबाव में ढ़ह जाता है। वहीं अगर आप विश्व कप जीतना चाहते हैं तो यह टूर्नामेंट में जाने का सही तरीका नहीं है। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कोच सक़लैन मुश्ताक़ पर भी हमला बोला और कहा, %मैंने पहले ही कहा था कि मध्यक्रम को ठीक करो पर किसी ने सुना नहीं। टीम को खराब प्रदर्शन करते हुए देखना बहुत निराशाजनक रहता है। उन्होंने कहा कि यहां से चीजें मुश्किल होती जाएंगी ओर प्रबंधन के लिए उसे संभालना आसान नहीं होगा। केवल कप्तान बाबर आज़म और मोहम्मद रिज़वान ही हर मैच जिता नहीं सकते। तेज गेंदबाजी हारिस रउफ ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है पर दूसरे गेंदबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि वे मेरा वीडियो देखने के बाद सुधार करते हुए एक-दो चीजें सीखेंगे।



## व्यापार न्यूज

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20.4 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी देखी गई है। 7 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह में यह 20.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 532.868 अरब डॉलर पंहुच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक गोल्ड रिजर्व का मूल्य बढ़ने से विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। इसके पिछले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 4.854 अरब डॉलर घटकर 532.664 अरब डॉलर पर आ गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले कई हफ्तों से लगातार गिर रहा था। तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में डॉलर के मुकाबले तेजी से गिरते रुपए को संभालने के लिए आरबीआई ने इस विदेशी मुद्रा भंडार के एक हिस्से का इस्तेमाल किया है। एक साल पहले अक्टूबर, 2021 में देश का विदेश मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। आरबीआई के साप्ताहिक आंकड़ों के मुताबिक, 7 अक्टूबर को समाप्त हुए सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट (एफसीए) 1.311 अरब डॉलर घटकर 471.496 अरब डॉलर रह गईं। एफसीए असल में समग्र भंडार का एक प्रमुख हिस्सा होता है। डॉलर में बताई जाने वाली एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी विदेशी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है।

### इस सप्ताह सोना 51 हजार से नीचे पहुंचा

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने की कीमतों में गिरावट आई है। त्योहारी सीजन के बीच सोने की कीमतों का कम होना लोगों के लिए राहत की बात है। भारतीय सर्राफा बाजार में इस सप्ताह सोने की कीमतें 51 हजार रुपए के आंकड़े के नीचे आ गईं। इस हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने की कीमतें 50,763 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुईं। पूरे हफ्ते सोने की कीमतों में गिरावट का रुख देखने को मिला। इस दौरान करवा चौथ पर लोगों ने जमकर सोने और सोने की ज्वैलरी की खरीदारी की। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने की कीमतें 51,908 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थीं।

# पेट्रोल और डीजल हिमाचल में महंगा, बिहार में सस्ता

### - ब्रेंट क्रूड 2.94 डॉलर गिरकर 91.63 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। शनिवार को ब्रेंट क्रूड 2.94 डॉलर गिरकर 91.63 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। उधर डब्ल्यूटीआई भी 3.50 डॉलर सस्ता होकर 85.61 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। सरकारी तेल कंपनियों ने कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव कर दिया है। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल 0.87 रुपए बढ़कर 95.93 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.74 रुपए की तेजी के साथ 82.15 रुपए प्रति लीटर का हो गया है। जम्मू-कश्मीर में पेट्रोल 0.44 रुपए महंगा होकर 100.79 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.41 रुपए बढ़कर 86.05 रुपए का हो गया है। बिहार में पेट्रोल-डीजल के दाम गिरे हैं। यहां पेट्रोल 0.49 रुपए सस्ता होकर 109.17 रुपए प्रति लीटर जबकि डीजल 0.46 रुपए गिरकर 95.82 में बिक रहा है। इसके



अलावा हरियाणा में पेट्रोल 0.21 रुपए सस्ता होकर 97.34 रुपए और डीजल 90.19 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पंजाब में पेट्रोल 0.54 रुपए गिरकर 96.35 रुपए प्रति लीटर और डीजल 0.53 रुपए सस्ता होकर 86.71 रुपए बिक रहा है।

देश के चारों महानगरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.80 रुपए और डीजल 94.56 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

## भारत के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में सब्सिडीज ने एक निश्चित योगदान दिया: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विश्व बैंक विकास समिति की बैठक के दौरान एक हस्तक्षेप में कहा कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के कई प्रमुख मापदंडों पर भारत के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में सब्सिडीज ने एक निश्चित योगदान दिया है। हम बैंक से सब्सिडी के एक आयामी दृष्टिकोण से बचने का आग्रह करते हैं। सीतारमण ने कहा कि विकृत सब्सिडी और कमजोर परिवारों को लक्षित सहायता प्रदान करने के बीच अंतर करना महत्वपूर्ण है। उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त एलपीजी कनेक्शन



प्रदान करके भारत सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि भारत में महिलाओं तक स्वच्छ खाना पकाने के तरीकों की पहुंच हो। उन्होंने कहा कि इसने एसडीजी के कई प्रमुख मापदंडों पर भारत के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में एक निश्चित योगदान दिया है। इससे पहले, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से वैश्विक आर्थिक संकट के बीच भारत को निवेश के लिए एक उज्ज्वल स्थान के रूप में वर्णित करने के एक दिन बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी देश की अर्थव्यवस्था की प्रशंसा की। वित्त मंत्री ने कहा ?कि अनिश्चितताओं की दुनिया में भारत बहुत कम असाधारण प्रदर्शन करने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि भारत के राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (एनएसओ) ने अब चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साल-दर-साल आधार पर 13.5 प्रतिशत रखी है।

## राजस्थान के बारां में सब्जियों के दाम आसमान पार

### - शिमला मिर्च ने तोड़ा रिकार्ड, 120 रुपए किलो

**जयपुर।** राजस्थान के बारां जिले में पिछले कुछ दिनों हुई बेमौसम बारिश ने सब्जियों की नई फसल को नष्ट कर दिया है। जिसके कारण त्योहारों के सीजन में सब्जियों के भाव चढ़ रहे हैं। वहीं उत्पादन में भी भारी नुकसान देखने को मिला है। यहां के एक सब्जी व्यापारी ने बताया कि बारिश होने से खेतों में पानी भरने से गाड़ियां माल भरने के लिए खेतों तक नहीं पहुंच पा रही है, जिससे मेहनत, मजदूरी बढ़ने से साथ ही बारिश में ट्रांसपोर्टेशन ठप होने से सब्जियों के दाम आसमान को छू गए। बारिश से पहले शिमला मिर्च पहले 80 किलो के भाव में मिल जाया करती थी। वहीं अब 120 किलो के भाव में मिल रही है। आलू पहले 20 रुपए किलो में मिला करते थे, जबकि अब 30 रुपए किलो के भाव में मिल रहे है। सब्जियों के दाम बढ़ने से आम आदमी की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ने लगा है। पहले ही दूध, पेट्रोल-डीजल, गैस सिलेंडर से आम आदमी की अर्थव्यवस्था पहले ही डगमगा रही है।

## देश में 5जी अनुकूल फोन का सॉफ्टवेयर अपडेट नंवबर-दिसंबर तक करेगी सैमसंग और एप्पल

**मुंबई।** बेहद तेज इंटरनेट सुविधा वाले 5जी नेटवर्क को जल्द से जल्द अपनाने के मोदी सरकार के जोर के बाद स्मार्टफोन विनिर्माता सैमसंग और एप्पल भारत में अपने 5जी अनुकूल फोन का सॉफ्टवेयर नवंबर-दिसंबर में अद्यतन (अपडेट) करेंगी। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अक्टूबर को देश में 5जी सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की थी। एयरटेल और रिलायंस जियो जैसे अग्रणी दूरसंचार कंपनियों ने चुनिंदा शहरों में यह सेवा उपलब्ध करवाने की योजना बताई थी। लेकिन खराब नेटवर्क और स्मार्टफोन कंपनियों के सॉफ्टवेयर को 5जी सेवाओं के अनुकूल बनाने में देरी करने से इन शहरों में अधिकांश लोग 5जी सेवाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। वहीं मोदी सरकार चाहती है कि कंपनियां जल्द से जल्द 5जी के लिए तैयार हो, क्योंकि इससे न केवल बेहद तेज इंटरनेट मिलेगा बल्कि आर्थिक प्रगति की रफ्तार बढ़ने के साथ-साथ रोजगार सृजन भी होगा।

एप्पल ने कहा है कि आईफोन उपयोगकर्ताओं के लिए वह दिसंबर से 5जी सॉफ्टवेयर अपडेट शुरू कर



देगी। यह सुविधा आईफोन 14, आईफोन 13, आईफोन 12 और आईफोन एसई में उपलब्ध होगी। कंपनी ने कहा कि आईफोन उपयोगकर्ताओं को सर्वश्रेष्ठ 5जी अनुभव जल्द से जल्द दिलाने के लिए वह भारत में अपने साझेदारों के साथ काम कर रही है। उसने कहा कि नेटवर्क सत्यापन और गुणवत्ता एवं प्रदर्शन का परीक्षण पूरा हो चुका है।

वहीं सैमसंग ने कहा कि नवंबर के मध्य तक वह सभी



5जी उपकरणों को अपडेट कर देगी। सैमसंग इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हम अपने परिचालक साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और नवंबर, 2022 के मध्य तक हमारे 5जी उपकरणों में ओटीए अपडेट शुरू करने के लिए तैयार हैं। भारत में लाखों लोगों के पास 5जी फोन हैं, लेकिन वे सेवाओं का संतोषजनक तरीके से लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। यह देखकर दूरसंचार विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को स्मार्टफोन कंपनियों और दूरसंचार संचालकों के साथ बैठक की है।

## गूगल ने लांच किया गुगल प्ले प्वाइंटस रिवार्ड प्रोग्राम

### -सर्विस सब्सक्राइब करने पर मिलेंगे प्वाइंट और रिवॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत में गूगल ने गुगल प्ले प्वाइंटस रिवार्ड प्रोग्राम लॉन्च किया है। कंपनी ने प्रोग्राम को ब्रॉन्ज, सिल्वर, गोल्ड और प्लेटिनम लेवल में बांटा है। प्रोग्राम के तहत यूजर्स को गूगल प्ले मार्केटप्लेस से गेम, ऐप और सर्विस सब्सक्राइब करने पर प्वाइंट मिलेंगे। यह प्रोग्राम फिलहाल 28 देशों में उपलब्ध है। तीनों लेवल से सर्विस सब्सक्राइब करने पर यूजर्स को इनाम दिए जाएंगे। इस प्रोग्राम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा यूजर्स को अपने साथ जोड़ना है।इस संबंध में गूगल ने अपनी आधिकारिक ब्लॉग पोस्ट में कहा है कि गूगल प्ले प्वइंट प्रोग्राम के जरिए कंपनी ज्यादा-से-ज्यादा यूजर्स को अपने साथ जोड़ना चाहती है। इस पहल के तहत यूजर्स को प्ले स्टोर में गेम, ऐप, इन-ऐप आइटम और सर्विस की खरीदारी करने पर प्वाइंट मिलेंगे। इसके साथ ही यूजर्स को ब्रॉन्ज, सिल्वर, गोल्ड और प्लेटिनम लेवल पर बांटा जाएगा, जहां उनको लेवल के आधार पर प्राइज और ऑफर्स दिए जाएंगे। गूगल ने अपने बयान में कहा कि गूगल प्ले प्वाइंट्स के जरिए लोकल डेवलपर्स को एक नया एवेन्यू बनाने में मदद मिलेगी। इससे ग्लोबल और लोकल यूजर्स का एक बेस तैयार होगा। गूगल ने अपने ब्लॉग में आगे कहा कि वह आने वाले समय में दूसरे देशों में भी इस प्रोग्राम को शुरू करेगा।गूगल ने कहा कि वह गूगल प्ले पॉइंट्स प्रोग्राम को अगले हफ्ते से भारत में शुरू करने जा रही है। गूगल ने भारत में इस प्रोग्राम के लिए 30 से ज्यादा ऐप डेवलपर्स से टाई-अप किया है। इनमें 8 बॉल पोल, द किंग रिटर्न, लूडो किंग, एंड लूडो स्टार, टूकॉलर और व्यासा जैसे ऐप्स शामिल हैं। इस प्रोग्राम का हिस्सा बनने के लिए यूजर्स कोई मासिक शुल्क नहीं देना होगा। प्रोग्राम में शामिल होने के लिए उन्हें केवल गूगल प्ले स्टोर पर जाकर अपनी प्रोफाइल पर टैप करना होगा और उसके बाद वहां बताए गए इंस्ट्रक्शन फॉलो करना होगा।

# इन क्षेत्रों में तेजी से मिलेगी सफलता




अगर आप तेजी से सफलता हासिल करना चाहते हैं तो पारंपरिक कोर्स की जगह नये कोर्स करें। समय और जरुरतों के अनुसार कारोबार जगत की मांगें बदलती रहती हैं। आजकल कुछ ऐसे कोर्स आये हैं जिनको कर आप आसानी से नौकरी हासिल कर सकते हैं और अपना स्वयं का काम भी शुरु कर सकते हैं।

### कॉरपोरेट लॉ

लीगल सेक्टर में रूचि रखने वाले स्टूडेंट्स अब कॉरपोरेट लॉ में अपना करियर बना रहे हैं। नौकरी और कमाई के अच्छे अवसर होने की वजह से आप भी इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। हाल ही के कुछ सालों में कॉरपोरेट लॉ के मामले में वकालत में भी खास बदलाव आया है। कॉरपोरेट्स लॉयर, कॉरपोरेशंस को उनके कानूनी अधिकारों और सीमाओं के बारे में सलाह देते हैं। कॉरपोरेट लॉ एक व्यापक व आकर्षक करियर बन गया है। कॉरपोरेट लॉयर अपने क्लाइंट्स को कानूनी तरीके से कारोबार करने में मदद करता है। उसकी जिम्मेदारी नई फर्म के लिए शुरुआती दस्तावेज तैयार करने से लेकर कॉरपोरेट ऑर्गनाइजेशन करने तक की रहती है। कंपनियां लीगल को अपने कारोबार के कोर स्ट्रेटेजिक फैक्टर के रूप में हैं, इसलिए स्वतंत्र वकीलों और इन-हाउस लीगल टीम की मांग लगातार बढ़ी है। रोजगार के बाजार में वकीलों की मांग अचानक बहुत तेजी से बढ़ी है। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय फर्म पिछले साल से दोगुनी संख्या में वकीलों को नौकरी पर रखेंगी। मांग न केवल सीनियर पोजीशन पर बढ़ी है, बल्कि प्रवेश स्तर पर भी बढ़ी है।




### स्पा थेरेपी

हाल के दिनों में सेवा क्षेत्र में बेहद तेजी आयी है।यह कोर्स कोई भी कर सकता है, बशर्ते उसे लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से आराम पहुंचाने में रुचि हो और वह उसमें अपना करियर बनाने की इच्छा रखता हो। पहले साल में शुरुआती वेतन 1 से 2 लाख रुपये तक हो सकता है। आप अपना स्वयं का स्पा सेंटर भी खोल सकते हैं।

### ब्रांड प्रबंधन

अगर आपके अंदर अच्छी चीजों के प्रति गहरा लगाव है तो लग्जरी ब्रांड मैनेजमेंट आपके लिए अच्छा करियर हो सकता है। भारत में जिस तरह से दिनों दिन लग्जरी मार्केट विकसित होती जा रही है, उसे देखते हुए इस क्षेत्र में दक्ष पेशेवरों के लिए काफी अवसर निकलते जा रहे हैं।

### टी टेस्टिंग

आजकल चाय का स्वाद बढ़ाने के लिए चाय की पत्ती बनाने वाली कंपनियां लंबे समय से पेशेवर टी टेस्टरों की सेवाएं लेती आ रही हैं। ये टी टेस्टर चाय की पत्ती के स्वाद, उसकी क्वालिटी और तैयारी को जांचने के लिए पेशेवरों को नौकरी पर रखती हैं।

### एथिकल हैकिंग

हाल के दिनों में साइबर अपराधों के बढने के साथ ही सरकारी के साथ ही निजी क्षेत्रों में हैकरों की मांग बढ़ती जा रही है। एथिकल या वैध हैकर कॉरपोरेट नेटवर्क की तह में जाता है और उसकी सुरक्षा के लिए कुछ नए उपाय निकालता है। इसमें शुरुआती वेतन प्रति माह 27,000 से 30,000 रुपये मिल सकते हैं।



## अगल-अलग भाषाएं सीख कर पायें अच्छी नौकरी

अगर आप तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं तो हिंदी और अंग्रेजी के साथ ही अलग-अलग भाषाएं सीखना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। अलग-अलग और नई तरह की भाषा आपको एक अच्छी नौकरी भी दिला सकती है। अगर इन भाषाओं का ज्ञान हिंदी के साथ हो तो आपको नौकरी मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

**स्पेनिश:** अगर किसी भाषा को वाकई वैश्विक भाषा का दर्जा मिल सकता है तो वो स्पेनिश है। दुनिया भर में इस भाषा से जुड़े रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। अमेरिका में बड़ी संख्या में ऐसे लोग रहते हैं, जो स्पेनिश बोलते हैं। इसके अलावा मुसाफिरों की तादाद भी काफी है। इसे सीखना तुलनात्मक रूप से आसान है। स्पेन के अलावा ये भाषा दक्षिण अमेरिका के कई देशों और मेक्सिकों में भी बोली जाती है।

**जर्मन:** जर्मनी के अलावा स्विटजरलैंड में भी ये भाषा काफी प्रचलित है और ये दोनों देश यूरोप में कारोबार का केंद्र माने जाते हैं। ऐसे में ये भाषा कारोबार के लिहाज से अहम है।

फ्रेंच- दुनिया भर में 20 करोड़ से ज्यादा लोग यह भाषा बोलते हैं। दुनिया के 40 से ज्यादा देशों में आप फ्रेंच बोल-सुन सकते हैं। ये 8 देशों की भाषा है और संयुक्त राष्ट्र में इसे आधिकारिक दर्जा हासिल है।

**अंग्रेजी:** अंगेजी का महत्व आपको पता ही है। लंदन, अमेरिका समेत यूरोप में प्रमुख तौर पर बोली जाने वाली भाषा है। इससे करियर की असीम संभावनाएं आपके लिए खुलती हैं।

जापानी- अंग्रेजी में कई ऐसे शब्द हैं, जो इसी भाषा में पहुंचे हैं। अगर एशिया के रोबोटिक केंद्र में जगह बनानी है तो जापानी सीखना अनिवार्य समझ लीजिए।

**अरबी:** 30 करोड़ लोग यही भाषा बोलते हैं। दुबई और आबु धाबी जैसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों की भाषा है। ये भाषा कई क्षेत्रों में रोजगार दिला सकती है। पश्चिम एशिया और अफ्रीका के कई देशों में ये भाषा इस्तेमाल होती है।

## अच्छी नौकरी के लिए अपनायें ये टिप्स



हर किसी युवा का सपना होता है कि उसे जल्दी से जल्दी नौकरी मिल जाए। खास करके अगर उनकी उम्र 20-25 साल हो। कुछ छात्र कॉलेज से निकलने के बाद भी संशय में होते हैं कि उन्हें क्या करना है। अगर आप जल्दी नौकरी करना चाहते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें।

**प्रोफाइल बनाएं:** सबसे पहले बारी आती है मजबूत प्रोफाइल की और अच्छे प्लेटफॉर्म की।

**अपने रिज्यूमे को अपडेट करें:** अगर आप बेहतरीन नौकरी चाहते हैं तो अपने रिज्यूमे को लगातार अपडेट करना न भूलें। पुराना रिज्यूम किसी भी कंपनी को न भेजें।

**इंटर्नशिप करें:** आपके लिए जितनी जल्दी संभव हो, इंटर्नशिप शुरू कर दें। सारे स्टूडेंट्स जानते हैं कि नौकरी पाने के लिए इंटर्नशिप करना कितना जरूरी है लेकिन वे इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। आप चाहें तो कॉलेज की छुट्टियों में इंटर्नशिप कर सकते हैं। हो सकता है कि यह आपको अच्छी जॉब ही दिला दें।

**मेंटर जरूर खोजें:** हमारे जीवन में कुछ भी अच्छा करने के लिए हमें एक मेंटर की जरूरत होती है। एक ऐसा मेंटर जो आपको अच्छी तरह जानता हो और आप उसे बेहतर जानते हों। ज्यादातर भारतीय स्टूडेंट्स अपने माता-पिता को ही अपना मेंटर मानते हैं यह एक अच्छी बात है। मगर परिवार से हट कर भी आपका एक मेंटर होना चाहिए जो आपको कुछ करने के लिए उत्साहित करे। खासकर के आप जिस फील्ड में जाना चाहते हैं, उससे जुड़ा हुआ एक मेंटर जरूर खोजें।

**प्रोफेशनल डेवलपमेंट ग्रुप ज्वॉइन करें:** अपने कॉलेज के दिनों से ही प्रोफेशनल ग्रुप को ज्वॉइन करना शुरू कर दें। इसके लिए आप अपने कॉलेज के एल्यूमनाई से भी जुड़ सकते हैं। ऐसा करने से आपको पेशेवरों के बारे में जानकारी मिलेगी। यहीं से आप नेटवर्किंग भी शुरू कर सकते हैं। हो सकता है कि इन्हीं ग्रुप्स में से कोई आपको जॉब ऑफर कर दें।

**अपडेट रहें:** अगर आप नौकरी चाहते हैं और जिस फील्ड में नौकरी चाहते हैं उसके लेकर अपडेट रहें, देखें- मार्केट में उस नौकरी की कितनी डिमांड कहां और कब है।

## ऑफिस में इन बातों का रखें ध्यान



ऑफिस में अपने सहकर्मी से अच्छे संबंध बनाना जरूरी है। ऐसा भी होता है ये सहकर्मी आपके अच्छे दोस्त बन जाते हैं जिसके बाद आप कई बातें शेयर करने लगते हैं। यदि आप ऐसा करते हैं तो इसका नुकसान आपको भविष्य में उठाना पड़ सकता। हर बात आपको ऑफिस के दोस्तों से साझा नहीं करनी चाहिए।

### काम से परेशानी

हर कर्मचारी को अपने काम से कुछ शिकायत होती है, लेकिन अपने ऑफिस के लोगों को बताना शुरू न कर दें। इसका असर आपकी छवि पर पड़ सकता है, लोगों को लगेगा कि आप हमेशा अपनी परेशानियां साझा करते रहते हैं।

### दूसरे साथियों की बुराई

अगर आपको किसी साथी से दिक्कत है तो अपने सीनियर से इसकी बात करें। अगर आपको निजी तौर पर उससे कोई दिक्कत है तो उससे ही बात करें। कभी भी दूसरे साथी के बारें में अन्य साथी को ना बताएं क्योंकि भविष्य में ये आपके लिए परेशानी का कारण भी बन सकता है.


### निजी बातें ना करें शेयर

ऑफिस में भले ही आपके खास मित्र हैं, लेकिन अपनी निजी बातें साझा ना करें। जब कभी भी आप ऐसा करते हैं, तो साथी आपकी निजी बातों का कोई फायदा उठा सकता है। बॉस से हर कर्मचारी को कोई ना कोई दिक्कत होती है। इसलिए अगर कोई दिक्कत हो तो किसी अन्य कर्मचारी से इस बारें में बात ना करें। कभी कभी ऐसी बातें आपके लिए दिक्कत पैदा कर सकती हैं।

### कमाई और खर्च

भले ही हर कंपनी अपने कर्मचारियों को एक-दूसरे को वेतन बताने से मना करती है लेकिन अक्सर लोगों को यह बात पता चल ही जाती है। फिर भी खुलकर अपने वेतन या कमाई पर बात न करें।

## अपना करोबार शुरू करते समय इन बातों का ध्यान रखें



अगर आप अपना कारोबार करने की योजना बना रहे हैं और चाहते हैं कि आपका काम सफल हो, तो कुछ बातों का ध्यान रख कर आप अपना कारोबार बढ़ा सकते हैं। इससे आपको लाभ ही होगा। इन नियमों का पालन करें।

### सकारात्मक रहें

आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो कहेंगे इस कारोबार में नुकसान है, कोई फायदा नहीं है। इसलिए सफलता चाहते हैं तो उसे दिन-प्रतिदिन एक बड़े स्तर पर ले जाने की कोशिश करें और सकारात्मक सोचें।

### दृढ़ता के साथ काम करें

अपने लक्ष्य के लिए कितने गंभीर है, ये आपके दृढ़ लक्ष्य पर निर्भर करता हैं। एक कारोबार में लाभ और हानि दोनों हो सकती है, लेकिन इन सब के बारे में ना सोचकर आप एक दृढ़ विश्वास के साथ आगे बढ़ते रहें। ऐसे में सफलता जरुर मिलेगी।

### योजना के साथ काम करें

कोई भी कारोबार एक योजना के बिना अधूरा है। कब क्या करना है, कैसे करना है, आप कितने पैसे कहां लगाना चाहते हैं। ये सब कुछ आप की योजना में शामिल होना आवश्यक है।

### जिसमें एक्सपर्ट हों वहीं करें

आप एक कारोबार शुरू करने जा रहे हैं तो जरूरी नहीं है कि आप सब कुछ स्वयं कर लेंगे। जिस चीज में आप बेहतर हैं, सिर्फ वही करें सभी कामों में हाथ ना डालें।

### सेहत का रखें ख्याल

जितना काम जरूरी है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी आपकी सेहत है। अगर किसी वजह से आपके कारोबार में नुकसान हो जाता है, तो उसका असर सेहत पर ना पड़ने दें।

## 12वीं के बाद कर सकते हैं ये कोर्स



12वीं पास करने के बाद बहुत से छात्र ऐसे होते हैं जिन्हें आगे की पढ़ाई नहीं करना चाहते बल्कि वे कोई प्रोफेशनल कोर्स करने के बाद सीधे नौकरी या कोई काम धंधा करना चाहते हैं। ऐसे में छात्रों के लिए हम कुछ कोर्सों के बारे में सुझाव दे रहे हैं जिन्हें करने के बाद वे अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। कोशिश करें यहां हम जो कोर्स बताने जा रहे हैं उन्हें किसी अच्छे संस्थान से करें। ये कोर्सेस 6 माह के सर्टिफिकेट से लेकर दो साल तक के डिप्लोमा या चार साल के डिग्री कोर्स भी हैं। आप इन्हें अपनी जरूरत के अनुसार चुन सकते हैं-

### एनिमेशन डिजाइनिंग

इन दोनों प्रोफेशनल कोर्सेज में ड्राइंग, डिजाइनिंग और डिजाइनिंग के सॉफ्टवेयर से जुड़ी तकनीकी जानकारी का पता होना चाहिए। इसके अलावा आप बैचलर ऑफ फाइन आर्ट की भी पढ़ाई कर सकते हैं। अगर आप क्रिएटिव हैं तो आफके लिए इससे अच्छा कोर्स नहीं है। जिन लोगों की ड्राइंग अच्छी हो या चित्रकारी में उनका हाथ सधा हो ऐसे लोगों के लिए ये कोर्स बेहतर हो सकता है। एनिमेशन और ग्राफिक डिजाइन कोर्सेज के बाद तकरीबन न्यूनतम 3 लाख से 5 लाख रुपए सालाना की सैलरी मिल सकती है। नौकरी के अलावा इस क्षेत्र में फ्री लॉसिंग से भी पैसा कमा सकते हैं।

### ज्वैलरी डिजाइनर का कोर्स

ज्वैलरी का शौक और जरूरत की भारत में सैकड़ों साल पुरानी रिवाज है। यहां शादी-विवाहों से लेकर हर विशेष अवसर पर लोग फैशनेबल ज्वैलरी जरूर खरीदते हैं। फैशन के शौकीन लोग जूलरी के आकर्षक डिजाइन को तरजीह देते हैं। दुनिया में भारत का सबसे बड़ा रत्न और आभूषण बाजार है लेकिन यह उद्योग ज्यादातर असंगठित क्षेत्र में है, जहां सोने पर ज्यादा तवज्जो दी जाती है। बड़ी कंपनियों के इस सेक्टर में कदम रखने के साथ अब सोने के अलावा रत्नों और पत्थरों की लोकप्रियता भी बढ़ गई है। ज्वैलरी डिजाइनिंग कोर्स में आपको पत्थरों के विभिन्न प्रकार, कलर स्कीम, डिजाइन थीम, परजेंटेशन और फ्रेमिंग, इंडिविजुअल जूलरी पीस का डिजाइन करना, पुरुषों की जूलरी, कॉस्ट्युम जूलरी, कॉस्टिंग वगैरह के बारे में बताया जाता है।

### टॉप संस्थान-

- एनआईएफटी कैंपस, गुलमोहर पार्क के सामने, हौज खास, नई दिल्ली
- श्रीमती नाथीबाई दामोदर ट्रेनिंग (एसएनडीटी) विमिन यूनिवर्सिटी, मुंबई
- जेम ऐंड जूलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, राजस्थान भवन, जयपुर
- ज्यूलरी डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट, स्मॉल इंडस्ट्रीज सर्विस इंस्टिट्यूट, चेन्नै

### इंटीरियर डिजाइनिंग

ये कोर्स उन छात्रों के लिए अच्छा है जो क्रिएटिव तो है हीं साथ डी उन्हें घर सजाना अच्छा लगता है। बस इंटीरियर डिजाइनिंग में उन्हें क्लाइंट की जरूरतों के हिसाब से इंटीरियर डिजाइन करना होता है। इंटीरियर डिजाइनिंग में लोग घरों, ऑफिसों में आकर्षक लुक देने के अलावा स्पेस का बेहतर इस्तेमाल करना भी बताते हैं। इसलिए इस कोर्स को करने वालों को क्रिएटिन, कम्यूनिकेट होने के साथ-साथ इमेजिनेटिव भी होना चाहिए। इंटीरियर डिजाइनिंग में कई संस्थान डिप्लोमा कोर्स मुहैया करा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए आप 12वीं के बाद आवेदन कर सकते हैं। बतौर इंटर्न 20 हजार रुपये महीना कमा सकता है। बड़े डिजाइनर एक से दो रूम के लिए दो से तीन लाख रुपये बतौर कंसल्टेंसी मांग लेते हैं।

### फैशन डिजाइनिंग

फैशन डिजाइनिंग एक आर्ट है जिसमें आप कपड़ों और एक्सेरीज की डिडाइनिंग करते हैं। इसके लिए सिर्फ स्केचिंग ही जरूरी नहीं होता बल्कि इसमें कई कोर्सेज हैं, जैसे फैब्रिक डाइंग एवं प्रिंटिंग, कम्प्यूटर एडेड डिजाइन, एक्सेसरीज एवं ज्वैलरी डिजाइनिंग, मॉडलिंग, गारमेंट डिजाइनिंग, लेदर डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, टैक्सटाइल डिजाइनिंग, टेक्सटाइल साइंस, अपैरल कंस्ट्रक्शन मेथड जैसे कोर्सेज शामिल होते हैं। फैशन डिजाइनिंग के कोर्सेज कर आफ अनुभव पाकर 25,000 से 50,000 रुपए महीना कमा सकते हैं।

# लीज डीड के नाम पर दादागिरी

केंद्र एवं राज्य सरकारें विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड एवं सरकारी उपक्रम लीज डीड के माध्यम से जमीन किराए पर देने का काम करते हैं। रियायती दर पर विशेष उद्देश्य के लिए यदि सरकार कोई जमीन आवंटित करती है, तो इस पर जो शर्तें लगाई जाती हैं। उसका भू भाटक तय करती हैं। जिस काम के लिए जमीन दी गई है,जमीन का उपयोग उसी काम के लिए हो। उस स्थिति में लीज डीड में दिए गए अधिकार और शर्तों को नियमानुसार कानूनी और जायज माना जाता है। पिछले पांच दशक में केंद्र एवं राज्य सरकारों ने विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड सरकारी और अधिग्रहित जमीन को विकसित कर मार्केट रेट पर विक्रय किया जाता है। उक्त संस्थाओं द्वारा आवासीय और कामर्शियल भूखंडों के बाजार रेट तय किए जाते हैं। उनकी खुली नीलामी की जाती है। मार्केट रेट से या उससे अधिक पैसे लिए जाते हैं। लेकिन अधिकार के रूप में नियम और शर्तों के साथ लीज डीड 30 वर्ष या इससे कम अवधि की होती है। हर साल का भू -भाटक लीज डीड की शर्तों में तय किया जाता है। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज का नवीनीकरण कराना अनिवार्य होता है। पिछले वर्षों में यह देखा गया है कि संबंधित प्राधिकरण हाउसिंग बोर्ड और सरकार लीज डीड में वर्णित नियमों को बदलकर नए नियम लागू कर देती हैं। लीज डीडधारी से नियम और शर्तों की आड़ पर जबरिया शुल्क की वसूली की जाती है। इन विभागों के अधिकारी नियम एवं शर्तों में हुए परिवर्तन को लेकर तरह तरह से लीज धारियों को परेशान करते हैं। जिसके कारण भारी भ्रष्टाचार भी होता है। नियमों में परिवर्तन करने से न्यायलयीन मुकदमों की संख्या भी बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। जब सरकार ने मार्केट रेट पर जमीन आवंटित की थी। उस समय पूरे अधिकार ना देकर एक तरह से भूखण्ड खरीदने वालों को धोखा दिया जाता है। पूरी कीमत देकर जमीन खरीदने वाले बाद में अपने आपको ठगा हुआ मानते हैं। जमीन एवं भवन निर्माण के लिए बैंक से लोन लेकर लोग अपना मकान बनाते हैं। जमीन की कीमत से कई गुना ज्यादा पैसा मकान बनाने में खर्च करते हैं। उसके बाद लीज नवीनीकरण के दौरान उन्हें जो कष्ट और मानसिक वेदना होती है। उसका वर्णन कर पाना भी कठिन है। आमतौर पर लोग सरकार और सरकार के संस्थानों पर आंख मूचकर भरोसा करते हैं। संस्थान अपनी लीज डीड की शर्तों का पालन करेंगे। लेकिन पिछले कई वर्षों में सरकार ने,अपनी आय बढ़ाने के लिए, अपने ही बनाए नियम और कानूनों को तोड़ना शुरू कर दिया है। यह चिंता की सबसे बड़ी बात है। पिछले कुछ वर्षों में बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से लोन लेने मैं लीज डीड एवं मंजूरी के दस्तावेजों का उपयोग होता है।कानूनी रूप से उनको अपडेट कराने के लिए लोगों को लगातार अधिकारियों के चक्कर लगाने और परमिशन लेने के लिए परेशान होना पड़ता है। लीज डीड और फ्रीहोल्ड में खरीदी गई जमीनों के अधिकारों में बहुत बड़ा अंतर है। लीज डीड के माध्यम से जमीन पर जो अधिकार मिलता है। वह किराएदार की तरह ही होता है। इसमें बिना मकान मालिक की अनुमति के किराएदार के लिए एक कील ठोकना भी मुश्किल होता है। कुछ इसी तरह की स्थिति सरकार में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों ने लीज डीड को अपनी अवैध कमाई का जरिया बना लिया है। परिणाम स्वरूप अब लोगों का विश्वास धीरे-धीरे लीज डीड पर खत्म होता जा रहा है। यही कारण है कि आज अरबों रुपए की जमीन विकास प्राधिकरण और हाउसिंग बोर्ड की नहीं बिक पा रही है। सरकार को इस दिशा में ध्यान देने की जरूरत है। लीज डीड पर जमीन खरीदने वालों को भी अपने अधिकारों को लेकर संघर्ष करना पड़ता है।

# राजस्थान को लेकर सतर्क है कांग्रेस आलाकमान

रमेश सर्राफ धमोरा



राजस्थान कांग्रेस में चल रहे घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस आलाकमान पूरी तरह से सतर्क नजर आ रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी राजस्थान पर पूरी नजर रखे हुए हैं। जिस तरह से 25 सितंबर को दिल्ली से आए कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षकों मल्लिकार्जुन खड़गे व अजय माकन के सामने कांग्रेस के विधायकों ने प्रदर्शन किया था। उससे पार्टी में चल रही अंदरूनी फूट उजागर हो गई थी। जयपुर की घटना से कांग्रेस आलाकमान सकते में आ गया था। उस घटना से कांग्रेस पार्टी पूरे देश में एकबारगी तो बैकफुट पर नजर आने लगी थी। इसीलिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजस्थान गए पार्टी पर्यवेक्षकों से पूरे घटनाक्रम की लिखित में रिपोर्ट ली थी। ताकि जरूरत पड़ने पर उसी के मुताबिक कार्यवाही की जा सके।

पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर ही गहलोत समर्थक तीन नेताओं शांति धारीवाल, महेश जोशी, धर्मेंद्र राठौड़ को कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। हालांकि अभी कांग्रेस अनुशासन समिति ने कारण बताओ नोटिस की कार्यवाही को ठंडे बस्ते में डाल रखा है। कांग्रेस अनुशासन समिति के सचिव तारीक अनवर द्वारा हाल ही में दिये गये बयान से तो लगता है कि कारण बताओ नोटिस पर शायद ही कोई कार्यवाही हो।

मगर कांग्रेस पर नजर रखने वाले राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इसे तूफान आने से पहले की शान्ति भी समझा जा सकता है। राजस्थान के घटनाक्रम से कांग्रेस पार्टी का अनुशासन तार-तार हो गया था। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी इस बात से पूरी तरह वाकिफ है कि यदि पार्टी में एक बार अनुशासन भंग हो गया तो वैसी घटनाएं दूसरी जगह भी होने लगेगी। उनको रोकने के लिए कड़े अनुशासनात्मक कदम उठाए जाने जरूरी है। ताकि अन्य कहीं ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो पाए। इसी बात को लेकर सोनिया गांधी अपने निकट सहयोगियों से भी परामर्श कर चुकी है।

राहुल गांधी द्वारा की जा रही भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए कर्नाटक पहुंची सोनिया गांधी राजस्थान के घटनाक्रम पर राहुल गांधी से भी विस्तार से चर्चा की है। बताया जाता है कि उस दौरान उनके साथ राहुल गांधी के विश्वस्त पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। इस प्रकरण में वेणुगोपाल की राय भी काफी महत्वपूर्ण होगी। कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया चल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के दौरान सोनिया गांधी किसी भी तरह का महत्वपूर्ण फैसला करने से बच रही है। हाल ही में सोनिया गांधी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्षों की नियुक्तियां की थी। जिस पर अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे शशि थरूर ने आपत्ति जताकर कांग्रेस के चुनाव अधिकारी मधुसूदन मिस्त्री को चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने तक किसी भी प्रकार के नीतिगत फैसले लेने से रोकने की मांग की थी। उस कारण से सोनिया गांधी राजस्थान को लेकर आगे नहीं बढ़ रही है। सोनिया गांधी का मानना है कि कांग्रेस के अगले अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे का बनना तय है। मलिकार्जुन खड़गे स्वयं राजस्थान में कांग्रेस के पर्यवेक्षक बन कर गए थे। इस कारण वह व्यक्तिगत रूप से पूरे घटनाक्रम से वाफिक है। ऐसे में राजस्थान पर जो भी फैसला हो वह मल्लिकार्जुन खड़गे के माध्यम से ही करवाया जाए। ताकि उनके ऊपर समानांतर रूप से काम करने का आरोप नहीं लग सके।

राजस्थान में गहलोत समर्थक कई मंत्रियों ने राजस्थान के प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अजय माकन पर भी सचिन पायलट का पक्ष लेने का आरोप लगाया था। गहलोत समर्थक मंत्री चाहते हैं कि राजस्थान से अजय माकन को हटाकर उनके स्थान पर किसी अन्य वरिष्ठ नेता को राजस्थान का प्रभारी बनाया जाए जो निष्पक्षता से काम करें। लेकिन गहलोत समर्थकों को इस बात को भी नहीं भूलना चाहिए कि 25 सितंबर के घटनाक्रम के दौरान माकन के साथ मलिकार्जुन खड़गे भी दो दिन तक जयपुर में विधायकों से मिलने का इंतजार करते रह थे। मगर एक भी गहलोत समर्थक विधायक ने पर्यवेक्षकों से मिलकर अपनी राय व्यक्त नहीं की थी।

इस घटना से मलिकार्जुन खड़गे भी काफी क्षुब्ध नजर आए थे। दिल्ली आकर उन्होंने भी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखित में इस घटना की विस्तृत जानकारी दी थी। मलिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के सबसे वरिष्ठ नेता है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनकी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाएगी। उनके नेतृत्व में यदि कोई पार्टी का नेता अनुशासनहीनता करता है तो अनुशासन बनाए रखने की पूरी जिम्मेदारी भी उन्हीं की होगी। राजस्थान में जिस तरह से उनके सामने पार्टी का अनुशासन भंग किया गया वैसी स्थिति फिर कभी ना हो। इसकी व्यवस्था भी उनको ही करनी होगी। यदि अनुशासनहीनता करने वाले किसी भी नेता या पार्टी कार्यकर्ता को दंडित नहीं किया जाता है तो भविष्य में अनुशासन बनाए रखना मुश्किल हो सकता है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जिस तरह योजनाबद्ध तरीके से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से दूर हो गए थे। वैसे ही वह अपने समर्थक विधायकों को गोलबंद कर आलाकमान से सशर्त मुख्यमंत्री पद छोड़ने की बात कह रहे हैं। गहलोत किसी भी सूरत में सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनने देना चाहते हैं। पायलट को मुख्यमंत्री बनने से रोकने के लिए गहलोत किसी भी स्तर तक जाकर जोखिम उठाने को तैयार हैं। गहलोत को पता है कि उनके पास 80 से अधिक विधायकों का समर्थन है। ऐसे में आलाकमान उनकी मर्जी के खिलाफ किसी दूसरे को मुख्यमंत्री बनाता है तो पार्टी में विद्रोह की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कांग्रेस आलाकमान को भी पता है कि यदि गहलोत को मुख्यमंत्री पद से हटाने में जबरदस्ती या किसी तरह की जल्दबाजी की गई तो उसका खामियाजा पार्टी को उठाना पड़ सकता है। आज राजस्थान में 13 निर्दलीय व पांच अन्य दलों के विधायकों का भी समर्थन गहलोत को मिला हुआ है। इस बार मुख्यमंत्री रहते गहलोत ने अपनी स्थिति इतनी मजबूत कर ली कि उनके समक्ष कांग्रेस में कोई दूसरा नेता खड़ा नहीं हो सकता है। यदि कोई खड़ा होता भी है तो उसकी स्थिति पायलट जैसी बना दी जाती है। गहलोत ने बड़ी ही चतुराई से पायलट को बागी बनाकर पार्टी से बर्खास्त करवा दिया था। अब उस पर गद्दार का ठप्पा लगा दिया है। जबकि गहलोत के इशारे पर उनके समर्थकों द्वारा पार्टी पर्यवेक्षकों से की गई उपेक्षा के प्रकरण को ठंडा करने के लिए गहलोत ने दिल्ली जाकर सोनिया गांधी से सार्वजनिक रूप से क्षमा मांग कर प्रकरण को ठंडे बस्ते में डलवा दिया। कांग्रेस आलाकमान को राजस्थान में कोई भी कदम उठाने से पहले पूरी तैयारी करनी होगी तथा अपने स्टैंड पर मजबूती से डटे रहना होगा। तभी पार्टी आलाकमान का झंडा बुलंद हो पाएगा। वरना तो इस कार्यकाल में अशोक गहलोत अपने किसी विरोधी नेता को शायद ही सत्ता के नजदीक लगने दे। जयपुर में आयोजित इन्वेस्टर मीट में उद्योगपति गौतम अडानी को बुलाकर गहलोत ने आलाकमान को दिखा दिया है कि राहुल गांधी चाहे अंबानी, अडानी को कितना भी कोसे। उनको उनसे भी कोई परहेज नहीं है। समय आने पर गहलोत किसी की भी मदद लेने से नहीं चूकेंगे। इस समय सचिन पायलट जहां पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। वही मुख्यमंत्री गहलोत लगातार राजस्थान के विभिन्न स्थानों का दौरा कर लोगों से अगले बजट के लिए प्रस्ताव मांग रहे हैं।

## अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुतः उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रातः स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सदुण बढ़ते और सदुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतर्स्थिति ही होती है। धनी-निर्धन, रोग-नीरोग, अकाल मृत्यु-दीर्घ जीवन, मूर्ख-विद्वान, घृणित-प्रतिष्ठत और सफल-असफल का बाहरी अंतर देखकर उसके व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया जाता है।

# बुलडोज़र राज : दबंग की छवि के लिये मानवाधिकार को ठेंगा

निर्मल रानी



भारतीय राजनीति का एक दौर वह भी था जबकि राजनेता, जनता के समक्ष एक विनम्र,उदार,सज्जन व मृदुभाषी नेता रूप में अपनी छवि बनाकर रखना चाहते थे। और उनकी कोशिश होती थी कि उनकी वाणी,आचरण तथा कार्यशैली से भी ऐसा ही संदेश जनता तक पहुंचे। यही वजह थी कि ऐसे राजनेता समाज के हर वर्ग में समान रूप से लोकप्रिय हुआ करते थे। परन्तु समय बीतने के साथ साथ न केवल राजनीति का स्वरूप बदलता गया बल्कि राजनेताओं की कार्यशैली उनके स्वभाव उनकी नीयत व नीतियों में भी काफ़ी बदलाव देखा जाने लगा। इसका नतीजा यह हुआ कि आज के राजनेता स्वयं को विनम्र,उदार,सज्जन व मृदुभाषी नेता रूप में पेश करने के बजाये उग्र,आक्रामक,कटु वचन यहां तक कि विभाजनकारी बोल बोलने वाला एवं दबंग नेता के रूप में पेश करने लगे हैं। आज अनेक जनप्रतिनिधि सार्वजनिक सभाओं में खुले आम ग़ैर संवैधानिक बातें करते,अपने समर्थकों को धर्म व जाति विशेष के लोगों के विरुद्ध हिंसा के लिये उकसाते,ज़हर उगलते तथा विद्वेष फैलाते देखे जा सकते हैं। देश की अदालतें भी इनकी हेट स्पीच से परेशान हैं और कई बार इनपर तल्ख़ टिप्पणियां भी कर चुकी हैं। परन्तु सत्ता के संरक्षण,मीडिया द्वारा ऐसे नेताओं के महिमामण्डन तथा उन्हें शोहरत के शिखर तक पहुँचाने से ऐसे नेताओं को नियंत्रित करने के बजाये उल्टे इन्हें शह मिल रही है और ऐसे नेताओं की तादाद दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। राजनीति के इसी अंदाज़ ने शासन व्यवस्था में भी अपनी जगह बना ली है। ठोक देंगे,गर्मी निकाल देंगे,खंडहर बना देंगे जैसी तीसरे दर्जे की भाषा का इस्तेमाल अब संवैधानिक पदों पर बैठे राजनेताओं द्वारा किया जाने लगा है। और आक्रामकता के इसी क्रम में जे सी बी यानी बुलडोज़र का भी प्रवेश हो चुका है। किसी अपराध के आरोपी या आरोपियों का मकान,दुकान या किसी धर्मस्थान आदि कुछ भी ढहा देना किसी भी सरकार या शासन के लिये अब आम बात बनती जा रही है। हालांकि पूर्व में भी अवैध इमारतों के गिराये या ढहाये जाने की कार्रवाइयां होती रही हैं। परन्तु इसके लिये सरकार या संबंधित विभाग को पूरी क़ानूनी प्रक्रिया के दौर से गुज़रना होता है। परन्तु अब तो अदालती आदेशों के बिना ही किसी भी संदिग्ध या आरोपी व्यक्ति का भवन आनन फ़ानन में खंडहर कर देना किसी सरकार के लिये मामूली बात हो गयी है। और यदि ज़्यादा शोर शराबा हो तो सरकार उसे अवैध निर्माण बता देती है। साथ ही यह सन्देश देने की भी कोशिश करती है कि सरकार अपराधियों के प्रति सख़्त है और अपराध के विरुद्ध ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ बुलडोज़र का ध्वस्तीकरण अभियान मध्य प्रदेश होते हुए दिल्ली,गुजरात आसाम और राजस्थान सहित कई राज्यों तक पहुंच चुका है। दंगाइयों व उपद्रवियों के नाम पर आरोपियों के मकान गिराये जा रहे हैं। किसी को अपने नाम के साथ बुलडोज़र बाबा लिखे जाने में गर्व है तो कोई बुलडोज़र मामा की उपाधि से ख़ुश है। हद तो यह कि राजनेताओं की आक्रामक छवि बनाने के लिये उनकी फ़ोटो के साथ बुलडोज़र के चित्र छपे बड़े बड़े फ़्लेक्स बड़े बड़े शहरों के मुख्य मुख्य चौराहों पर लगाये जाने लगे हैं। इसतरह के इश्तेहारों के माध्यम से भी यही सन्देश दिया जाता है कि देखो उनका नेता कितना सख़्त व दबंग है। इन नेताओं के समर्थक विदेशों में भी बुलडोज़र पर अपने बुलडोज़री नेता के आदम क़द चित्र लगाकर जुलूस निकाल रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि ब्रिटिश प्रधाननमंत्री बोरिस जॉनसन ने जब इसी वर्ष 20-21 अप्रैल को जब भारत का दो दिवसीय दौरा किया तो उन्हें भी अपने भारत दौरे के दूसरे दिन यानी 21 अप्रैल को गुजरात के वड़ोदरा स्थित एक निजी जे सी बी (बुलडोज़र ) कम्पनी का दौरा कराया गया और उनका बुलडोज़र पर लटके हुए एक विवादित फ़ोटो शूट कराया गया जिसकी देश विदेशों में बहुत आलोचना भी हुई। अपराधियों के प्रति सख़्ती से पेश आना निश्चित तौर पर बहुत ज़रूरी है। परन्तु आरोपी व अपराधी में अंतर रखना भी बहुत ज़रूरी है। निष्पक्ष होना भी ज़रूरी है। किसी व्यक्ति या समुदाय विशेष के प्रति शासक व शासन द्वारा दुराग्रह रखना भी न्याय संगत नहीं। और ख़ास तौर से ऐसा करते समय पूरी क़ानूनी प्रक्रिया का पालन करने के साथ साथ संबंधित पक्ष के सभी सदस्यों के मानवाधिकारों की रक्षा करना भी बेहद ज़रूरी है।

# प्रखर पत्रकार आचार्य लक्ष्मीकांत मिश्र

## सूडोकु नवताल- 6221

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल 6220 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

कुमार कृष्णन

**(पुण्यतिथि पर 16 अक्टूबर पर विशेष)**

आचार्य लक्ष्मीकांत मिश्र का नाम लेते ही स्मरण हो जाता है उनका व्यक्तित्व। स्वर में शालीनता, वाणी में मिठास और सादगी भरा जीवन यही उनके व्यक्तित्व की खासियत थी। जो बहुत कम लोगों में होती है। जीवन के लगभग 80 बसंत पार कर चुकने के बाद भी दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए थे।वे हर आम व्यक्ति की गरिमा के रक्षा के पक्षधर थे।उनके लेखन में पैनापन था लेकिन दुर्भावना और पूर्वाग्रह का अंश देखने को नहीं मिलता था। पत्रकारिता जगत के भीष्मपितामह माने जाते रहे हैं।आमलोगों के दिल में अपनी सादगी व सहजता की आदत से अलग ही मुकाम बनाया था। 1974 के छात्र आंदोलन के बाद आपातकाल का दौर था। अधिकांश लोग भूमिगत होकर काम कर रहे थे और कुछ लोग मिसा और डीआईआर के तहत जेल में डाल दिये गये थे। ऐसे दौर में पत्रकारिता के धर्म का निर्वहन ज्यादा जोखिम का दौर था।राज्यसभा के सदस्य तथा बिहार विधान परिषद के सभापति प्रो.जाबिर हुसैन, सुप्रसिद्ध साहित्यकार आचार्य शिव पूजन सहाय के पुत्र मंगलमूर्ति, डीजे कॉलेज के प्राचार्य आचार्य कपिल, गांधीवादी नेता आचार्य राममूर्ति जैसे लोग सक्रिय थे और आंदोलन की बात को पहुंचाने का इनके सम्पादन में प्रकाशित समाचार पत्र 'अग्रसर' था। अनेक मुश्किलों के बाद भी पत्रकारिता के धर्म का निर्वहन करते रहे। मुंगेर प्रमंडल के शाम्हो दियारा में जन्में आचार्य मिश्र के सर से दो साल की उम्र में ही सर से पिता का साया उठ गया और जब होश संभाला तो विपन्नता ही विपन्नता थी। दियारा क्षेत्र में आवास होने के कारण कई बार विस्थापित होना पड़ा। अभाव भरी जिंदगी में गंगा यानी मां भागीरथी ने जीना सिखाया। महाकुंभ में घटी घटना ने इन्हें इतना उद्वेलित किया कि इन्होंने 'भवानी' नामक हस्तलिखित पत्रिका निकाली और महाकुंभ मेले में भगदड़ के बाद हुई मौत पर सम्पादकीय था। इस हादसे के बाद प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू इलाहाबाद पहुंचे थे और लगभग सौ से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। धीरे-धीरे लेखन से जुड़ाव हुआ तथा नवराष्ट्र में पत्रकार की हैसियत से बिहार के तात्कालीन मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद, चन्द्रशेखर सिंह सरीखे लोगों ने भी काम किया। 60 के दशक के पूर्व से ही दैनिक आर्यावर्त से जुड़ गये। तब से उन्होंने कलम का दामन थामा तो जीवन भर थामे रहे। आर्यावर्त का प्रकाशन जब तक होता रहा तब तक उससे जुड़े रहे। उसके बाद जब बिहार से दैनिक 'आज' का प्रकाशन शुरू हुआ तो आज से जुड़कर पत्रकारिता की। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनका एक लंबा अनुभव रहा। इस अवधि में उन्होंने न तो मान-सम्मान के साथ समझौता किया, न कलम के साथ सौदेबाजी की और न ही पत्रकारिता की गरिमा को गिरवी रखने का काम किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने जो सम्मान और यश अर्जित किया वह अच्छे-अच्छे सम्पादकों को नसीब नहीं होता था। इसका मूल कारण यह था कि वे अहंकार विहीन थे। सादगी पसंद थे और पत्रकारिता का इस्तेमाल समाज कल्याण के लिए किया। पत्रकारिता के कार्यकाल में अनेक उतार-चढ़ाव आये। कितनों को अपने कलम की ताकत का अहसास कराया तो पत्रकारिता के माध्यम से अपने क्षेत्र के विकास के लिए आवाज बुलंद की। लक्ष्मीकांत मिश्र मुंगेर में उस दौर में पत्रकारिता कर रहे थे जब मुंगेर वृहत रूप में था। बेगूसराय, शेखपुरा, लखीसराय, खगड़िया, जमुई आदि मुंगेर जिले का हिस्सा हुआ करता था और इस क्षेत्र से एक से एक राजनेता हुए, साहित्यकार हुए। इस दौर में पत्रकारिता के कारण परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती, रामधारी सिंह दिनकर सरीखे लोगों के बहुत करीब रहे तो समाजवादी नेता मधुलिमिये, कपिलदेव सिंह, राजो सिंह सहित अनेक लोग पत्रकारिता के कायल रहे। निर्भिकता के साथ सच को सच के रूप में रखा, यह उनकी खासियत थी। पत्रकारिता में खासकर मुफस्सिल के संवाददाताओं की स्थिति से वे खिन्न रहते थे। मुफस्सिल के संवाददाताओं की समस्याएं काफी जटिल थी। बिहार राज्य संवाददाता संघ का गठन कर मुफस्सिल संवाददाताओं को संगठित करने का काम किया। इस अभियान में उनके साथ जुड़े थे डा.ओम प्रकाश साह प्रियंवद, चांद मुसाफिर, मुकुटधारी अग्रवाल, रूद्रदत्त आर्य। इस संगठन के माध्यम से उन्होंने पूरे बिहार में पत्रकारों की एकता को कायम रखने में महती भूमिका अदा की। समय-समय पर इसके अधिवेशन होते रहे।

# दुनिया में भोजन की बर्वादी और भुखमरी गंभीर चुनौती।

विजय कुमार

**(विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर पर विशेष)**

विश्व खाद्य दिवस का शुभारंभ 16 अक्टूबर1945 को हुआ। 22 अक्टूबर 2022 को इस दिवस की 77 वीं वर्षगांठ है। प्रति वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। विश्व खाद्य दिवस दुनिया के लगभग 150 देशों में भुखमरी एवं निर्धनता हेतु जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को यह समझाना भी है कि भोजन एक बुनियादी और मौलिक मानव अधिकार है। दुनिया भर के 23त्न भूखे लोग भारत में रहते हैं। विश्व खाद्य दिवस की 2022 की थीम ÷किसी को पीछे ना छोड़े÷ है। दुनिया में प्रतिदिन भोजन की बर्वादी और भुखमरी की विकराल समस्या को ध्यान में रखकर हर वर्ष विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। मगर यह समस्या कम नहीं हुई है। दुनिया में 80 करोड़ से अधिक लोग भुखमरी के बोझ को अभिशाप मान रहे हैं। अनगिनत भूख से पैदा हुई गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे है। वही अगर अरबों टन भोजन बर्वाद होता है तो सोचना होगा हम कैसी सभ्यता का सृजन कर रहे हैं। दुनिया भर में करोड़ों लोग ऐसे हैं जिनके घरों में शाम को चूल्हा नही जलता बच्चों के मूँह में निवाला नहीं जाता और दूसरी ओर मानव सभ्यता का सिर शर्म से झुका देने बाला तथ्य यह है कि हर वर्ष 750 अरब अर्थात 47 लाख करोड़ का भोजन बर्वाद होता है। हर वर्ष भोजन उत्पाद का 50 प्रतिशत भाग सड़ता, गलता, फैंका और बहाया जाता है। दुनिया भर में जो भोजन बर्वाद होता है उसके उत्पादन में कृषि योग्य 28 प्रतिशत जमीन का उपयोग होता है। और एक वर्ष में रूस की वोल्गा नदी में जितना पानी बहता है उतना सिचाई में लग जाता है। भारत में अनाज, दालें, फल, सब्जियों के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत बर्वाद होता है, जिसका बाजार मूल्य 50 हजार करोड़ रुपये है। इसमें मीट की बर्वादी मात्र 4 प्रतिशत है लेकिन इससे आर्थिक नुकसान 20 प्रतिशत होता है। विश्व भोजन बर्वादी में 3-3 अरब टन ग्रीन हाउस गैसें निकलती हैं, जिसमें मिथेन गैस सर्वाधिक निकलती है। संयुक्त राष्ट्र संघ की अबाँइडिंग फ्यूचर फेमाइन्स की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में लगभग एक तिहाई भोज्य उत्पाद मनुष्य के मूँह तक नहीं पहुँच पाते। वह या तो रास्ते में रखरखाव ठीक से नहीं होने के कारण बर्वाद हो जाते है या उपभोक्ता उन्हें स्वयं ही नष्ट कर देते हैं। संयुक्त पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्ट फूड वेस्टेज फुटप्रिंट, इम्पेक्ट ऑन रिसोर्सेज ने यह जानकारी दी है कि हर वर्ष विश्व भर में लगभग 1.3 अरब टन भोजन की बर्वादी होती है।

# भारत के लोगों को जंगल में अवश्य रहना चाहिए - बागेश्वर धाम सरकार

### बनवास तो बहाना था रामजी आदिवासियों से मिलने के लिए जंगल आना था

**जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति पुष्पांजली टुडे**

पन्ना के दूरस्थ ग्रामीण अंचल कल्दा श्यामगिरी पठार में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक एवं चमत्कारिक संत श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्री बनवासी रामकथा प्रारंभ करते कुएं कहा जंगल में साधन भले ही बहुत कम है पर साधना बहुत ज्यादा है आदिवासियों का भगवान से अटूट प्रेम है यही कारण है कि भगवान राज महल में पैदा हुए लेकिन उनके कल्याण के लिए जंगल आए भगवान राम जब जंगल आए तो उन्होंने भीलनी शबरी का घर पूछा था हमारा सौभाग्य है कि हम उनके वंशज आदिवासी भाइयों के बीच आए हैं भगवान राम आदिवासियों का मान सम्मान बढ़ाने जंगल आए थे वरना वह भगवान होते हुए कुछ भी कर सकते थे घर बैठे रावण को मार सकते थे लेकिन आदिवासी वनवासियों के कल्याण के लिए वन आए इसलिए उन्होंने कहा कि मर जाना पर राम जी को नहीं छोड़ना विशाल जनसमुदाय के बीच कथा कहते हुए कहा कि मूल धारा से वंचित लोगों को अध्यात्म से जोड़ने और आदिवासियों को समाज में समानता का माहौल देने के उद्देश्य मैंने आदिवासी कल्दा श्यामगिरी में आया हु और उनके कल्याण के लिए कथा प्रारंभ की है मैं प्रत्येक माह वनवासी क्षेत्रों में 3 दिन की कथा अवश्य कहूंगा जिससे हमारे समाज के वंचित वर्ग के लोग हम सब से मिल सके इससे पूर्व 11 ग्राम पंचायतों 11 परिवारों को यजमान बनाया गया और उन्होंने ही भगवान राम की आरती उतारी क्षेत्रीय पवई विधायक प्रहलाद लोधी एवं गुनौर विधायक शिवदयाल बागरी ने वनवासियों के साथ मिलकर बनवासी राम जी और रामायण की पूजा कर आरती उतारी महाराज जी ने कहा कि अंग्रेजी में वन मतलब एक होता है आत्मा और परमात्मा एक है यही कारण है कि रामचंद्र जी वन आए रामचंद्र जी एक है आत्मा और परमात्मा का मिलन है महाराज जी ने कहा कि जीवन में कुछ नहीं बिगड़ा है सभी आदिवासियों से अनुरोध किया कि कभी किसी चीज को मत मारना और उसका मांस नहीं खाना महाराज श्री ने कहा कि मेरा उद्देश्य लोगों को सनातन संस्कृति से जोड़ना और अध्यात्म के प्रति लगाव पैदा जंगल में अध्यात्म की गंगा बहाना है हवाई जहाज और फॉर्च्यूनर गाड़ियों में चलने से धर्म नहीं बचेगा जंगल की ओर अवश्य रुख करना पड़ेगा



### वनवासियों को मिला पहला अधिकार

कल्दा श्याम गिरी पठार का अब तक का सबसे बड़ा भव्य आयोजन राम कथा का प्रारंभ करते हुए संत धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आदिवासियों को पहला अधिकार दिया कथा पंडाल को वीआईपी कल्चर से मुक्त करते हुए सभी आदिवासियों को डी के प्रथम भाग में बैठने की व्यवस्था की गई थी वासियों को ही इस डी में प्रवेश की अनुमति थी श्री रामभक्त और उनके अन्यय भक्त कथा पंडाल में पीछे बैठकर कथा सुन रहे हैं और प्रतिदिन के लिए इसी तरह की व्यवस्था लागू की गई है

## विश्व हाथ धुलाई दिवस पर स्कूली छात्रों के धुलाये हाथ



**सिरोंज** विश्व हाथ धुलाई दिवस पर स्कूलों में छात्रों के हाथ धुलवाये गए एवं हाथ धुलने के महत्व भी बताया गया साथ ही बच्चों को बताया गया कि भोजन करने के पहले एवं भोजन करने के बाद हमें अच्छे से हाथ धोना चाहिए

## गौ कथा का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**



**मैसूरु;** जिले के बनूर में 31वर्षीय गौ पर्यावरण चेतना पदयात्रा के संचालक साध्वी गार्गी गोपाल सरस्वती के तत्वावधान में गौ कथा के छटे दिवस पर सनातन धर्म में गाय को सृष्टि का आधार बताते हुए गौ सेवा व रक्षा करने हेतु तथा आज के युवाओ को अपनी धर्म संस्कृति अपनाते सामाजिक कार्य करने का आह्वान किया द्य धर्म सभा में समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित( कालापा) लक्ष्मण राठोड़, माणकचंद काग,बाबूलाल सोलंकी,सोहनलाल पंवार, जगदीश राठोड़,प्रभुराम,हिराराम देवासी,राजेश सिंह,हेमाराम, दिलिप सीरवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे द्य

## उत्कृष्ट मार्ग की बदहाली, वाहन चलाना हो रहा दूभर

**सिरोंज।** नगर की प्रमुख सड़क कही जाने वाली नगर के वार्ड 17 पचर्कुइंयां से श्मशान घाट तक के उत्कृष्ट मार्ग की हालत पिछले दो वर्षों से इतनी खस्ता हो गई है कि राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। कई जगह इस मार्ग पर लोगों को यह तक समझ नहीं आता है कि मार्ग पर गड्ढे हैं या गड्ढों में मार्ग है। वहीं मार्ग पर पडे गडडों में गिटटी डालकर खानापूर्ति कर दी गई है जिस पर वाहन चालक तो दूर पैदल चलने वाले राहगीरों को परेशानी उठाना पड रही है। बारिष होने से मार्ग के गड्ढों में हमेशा पानी भरा रहता है, जिससे दो और चार पहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



# स्वदेशी मिट्टी से निर्मित दीए जलाएं




### बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रजापति ने सभी जिलेवासियों से अनुरोध किया है कि दीपावली में मिट्टी के दीये जलाकर ही मनाएं...

**जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति पुष्पांजली टुडे**

दीपावली में मिट्टी के दीए जलाने की परंपरा सदियों से रही है, यह पर्यावरण के भी हित में हैं। मिट्टी के दीये हमारी संस्कृति एवं परंपरा के परिचायक रहे हैं, दीपावली पर आज भी हर घरों में मिट्टी का दीया मुख्य रूप से जलाया जाता है। मिट्टी के दीये पूरी तरह से इको-फ्रेडली होते है, इसकी बनावट, रंगाई एवं पकाने में किसी भी प्रकार का केमिकल प्रयोग नहीं किया जाता है, दीये से पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचता है।

दीपावली में मिट्टी के दीये जलाने की पुरानी परंपरा व संस्कृति रही है, मिट्टी के दीए बनाने वाले समाज के लोग काफी आशा , और विश्वास के साथ दीये बनाते हैं, ताकि दीपावली में दीये बेचकर घर में खुशहाली ला सके !डॉ राजेंद्र प्रजापति ने जिलेवासियों से अपील की है कि इस दीपावली में घर व दुकानों मे मिट्टी के दीये ही जलाएं, ताकि दीये बनाने वाले के घरों में भी खुशहाली आ सके। मिट्टी के दीये जलाने की अपनी सदियों पुरानी परंपरा को बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को सहयोग करने की जरूरत है।



# बिना अनुमति के नगर पालिका ने तोड़े नल कनेक्शन रहवासी परेशान



**सिरोंज।** नगर पालिका के द्वारा लिंक रोड पर मुख्य पाइपलाइन के दुरुस्तीकरण का काम किया जा रहा है जिसमें नगर पालिका कर्मियों के द्वारा स्थानीय रहवासियों को सूचित किए बगैर उनके निजी नल कनेक्शनों को तोड़ दिया गया है जिसके चलते स्थानीय वासियों को पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है लोगों का कहना है अचानक इस तरह पाइपलाइन तोड़े जाने से हमारे सामने पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है अब पानी की व्यवस्था कहां से करेंगे समझ नहीं आ रहा, हमने नगर पालिका कर्मियों से लाइन जोड़ने की बात कही तो उन्होंने कहा फिटिंग का सामान लाओगे तभी लगेगा कनेक्शन। वहीं स्थानीय रहवासियों की माने तो उन्होंने बताया कि एक तो कर्मचारियों के द्वारा हमारे नल कनेक्शन तोड़ दिए गए हैं , और जोड़ने में भी उनके द्वारा आनाकानी की जा रही है वही जब इस संबंध में नगर पालिका सीएमओ प्रदीप भदोरिया से बात की गई तो उनका कहना था कि बिना सूचना या अनुमति के कनेक्शन नहीं तोड़े जाते हैं यदि ऐसा किया गया है तो हम दिखावा कर सही करवाएंगे।

**इनका कहना है**

बिना सूचना के अचानक नगर पालिका प्रशासन ने नल कनेक्शन तोड़ दिया और पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दी, अब रात में पेयजल व घर खर्च के पानी की व्यवस्था कहां से करेंगे।

**नरेंद्र सिंह सेंगर स्थानीय रहवासी आनंद नगर कॉलोनी सिरोंज।**

# आज बेरोजगार भारत का युवा नही बल्कि यहां की षिक्षा पद्वति है -

**अभिषेक कुषवाह - 7354526108**

आज देष के चारो और सिर्फ एक ही गूंज मै बेरोजगार हूॅ सुनाई दे रही है आज देष में बडी संख्या में बेरोजगारी बडी है , बीते दिनो में दो करोड लोगो का रोजगार जाने की रिर्पोटे भी देखने को मिल रही है ऐसी स्थति को देखकर लोगो का हतोत्साहित होकर प्रदर्षन करना भी जाहिज है लेकिन जब हम इसके पीछे जाने का प्रयास करते है एवं बेरोजगारी के कारणो को खोजते है तो मैकाले की षिक्षा पद्वति ही नजर आती है जिसका मूल उद्देष्य था पडा लिखा नौकर बनाना यानि मानसिक गुलामी के लिये व्यक्ति को तैयार करना आज की स्थिति को देखकर लगता है कि वह अपने मिषन में कामयाब रहा है लेकिन जब हम वही गांधी जी की षिक्षा पद्वति को पडते है तो वह स्वालंबन एवं ऐसे भारत की कल्पना कर रहें होते है जिसमें हम निर्माणक कि भूमिका में हो , न कि गुलामी की जो कि आज कहीं भी नजर नही आता है आज चारो और एक ही गूंज रोजगार दो रोजगार दो कि आवाज आ रही है ।

**कौषल विहीन डिग्री धारी युवा** -आज गॉव में गरीब से भी गरीब व्यक्ति तक षिक्षा पहुंची विषेष कर जबसे षिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू हुआ है तब से हर परिवार तक षिक्षा पहुंचा पाई प्रत्येक पंचायत में स्नातकोतर एवं स्नातक स्तर के छात्र मिल जायेंगे और उनकी डिग्रीया बीए , बीएससी , बीकॉम , एम ए , एमएससी , एम कॉम ,लेकिन जब हम कौषल की बात करेंगे कि आपको आता क्या है आप स्वयं में क्या कर सकते है तो तब जब जबाव हतप्रभ करने वाला यानि कि 80 प्रतिषत युवा जबाव देते पड लिखकर इतनी डिग्रीया हासिल तो कर ली अब क्या करें उनका कहना 100 प्रतिषत सत्य है अब क्या करें यही स्थिति तो आज देष में निर्मित हो रही है , अगर इन डिग्रियो के साथ छात्रो में कुछ कौषल के गुण विकसित कर दिये गये होते तो शायद ऐसी स्थिति निर्मित नही होती ।



एक विचारणीय प्रष्न यह भी एक यह सब एक योजनाबद्व तरीके से चलता रहा है और हमारी सरकारे हाथ पे हाथ रखे बैठी रही शायद यही हमारी राजनीति का दुर्भाग्य है कि आज हम एक ऐसी स्थिति का सामना करना पड रहा है , दूसरा दुखद पहलू यह है कि जो कि व्यक्ति से पूर्व से किसी नौकरी में लगा हुआ है उसे निकाल दिया गया जिसमें सबसे बडा उदाहरण मध्यप्रदेष के अतिथि षिक्षक , सांख्यिकी विभाग के प्रगणक , स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी समेत अन्य कई प्राईवेट कर्मचारियो जो कि बीते कई वर्षो से अपनी सेवायें दे रहे थे उन्हे सेवा मुक्त कर दिया गया यहां आवाज उठाना जायज है और अब शासन के द्वारा इस दिषा में कोई ठोस प्रयास नही किया गया तो स्थिति और भी भयाभय देखने को मिल सकती है ।

आज गॉव गरीब किसान तक षिक्षा पहुंची यह हमारे लिये एक प्रसन्नता विषय है लेकिन आज हम प्रत्येक पंचायत में स्नातकोत्तर एवं स्नातक युवा बडी संख्या में देख पा रहे है शायद ये ही बेरोजगार है , अब मै मेरे जीवन से जुडा हुआ पहलू सुनाता है जिसमें जिस समय मे कक्षा - 10 में था उस समय मेरे क्लास मेंट रहें कई साथी जिनकी आर्थिक स्थिति एवं मेरी आर्थिक लगभग एक जैसी ही थी किस्मत की बात मै कक्षा -10 में अच्छे नंबरो से पास हुआ ओर वो फेल हो गयें समय परिवर्तन शील है मैने पडाई जारी 12 , बीएससी , एम एस सी , बीएड , पीजीडीसीऐ आदि डिग्रिया हासिल कर बेरोजगार हॅं वही ऐसे साथी जिन्होंने पढ़ाई छोड़ कर अनेक कौशल जिसमें गाड़ी रिपेयरिं टीवी, रिपेयरिंग आदि काम सीख लिए थे और वह आज सफल है।

# गोपाल नगर में संघ का निकला पथ संचलन ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

**सिरोंज ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार को गोपाल नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। संचलन के मध्य में भगवा ध्वज लिये स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाकर आगे चल रहे थे, पथ संचलन गांव के मुख्य मंदिर से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए वर्ग स्थान पर वापस पहुंचा, इस मौके पर ग्रामीणों ने घर के बाहर रंगोली बनाकर व कलश रखकर एवं पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का भव्य स्वागत किया, मुख्य अतिथि के रूप में पथरिया खंड के खंड कार्यवाह प्रवीण रघुवंशी एवं मुख्य वक्ता के रूप में पथरिया खंड संघचालक वीरेंद्र रघुवंशी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ की शाखा गुण निर्मिति का केन्द्र है। प्रतिदिन शाखा जाने से स्वयंसेवक के अंदर सदगुणों का विकास स्वत- ही होता है। उन्होंने कहा कि संघ की शाखाओं में जाने से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का विकास इस प्रकार होता है कि वह राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन ठीक प्रकार से करने में सक्षम होते हैं। इसलिए शाखा के माध्यम से स्वयं व्यक्तित्व का निर्माण होने के साथ राष्ट्र का निर्माण भी हो जाता है। नित्य शाखा पर खेल, व्यायाम, योगासन और प्रेरक कहानियों का प्रभाव उनके मन पर पड़ता है इससे उनके व्यक्तित्व का विकास होता है, तथा पथ संचलन से स्वयं सेवक को अपनी शक्ति की अनुभूति होती है। वही उन्होंने कहा की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संगठन में कार्य करने वाले स्वयं सेवक को किसी भी परिस्थिति में खुद को संभालने का आत्मबल मिलता है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।



# छत्रसाल महाविद्यालय में हिंदी विमर्श कार्यक्रम आयोजित

**जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना,** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आदेशित हिंदी विमर्श कार्यक्रम में छत्रसाल महाविद्यालय में व्याख्यानमाला का आयोजन प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा की अध्यक्षता एवं हिंदी के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ वीके दीक्षित के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ उमा त्रिपाठी, प्राध्यापक डॉ एसएस राठौर, डॉ राजीव सिंह, डॉ मंजू सिंह, डॉक्टर वरदानी प्रजापति उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा एवं हिंदी के सेवानिवृत्त प्राध्यापक मुख्य अतिथि डॉ वीके दीक्षित सहित विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा ने हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके राष्ट्रीय महत्व को प्रतिपादित किया और अपनी संस्कृति से जुड़कर भाषा का विकास करने की विद्यार्थियों को प्रेरणा दी। डॉ शर्मा ने मेडिकल की पढ़ाई हिंदी माध्यम से करने के मध्य प्रदेश शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी। डॉ वीके दीक्षित ने वैश्विक स्तर पर हिंदी की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला और उसकी क्रमिक मीमांसा प्रस्तुत करते हुए हिंदी की उपयोगिता को सिद्ध किया। इस कार्यक्रम में डॉ एसके पटेल, डॉ विनय श्रीवास्तव, डॉ सतीश त्रिपाठी डॉ राम मोहन तिवारी, श्री सिद्धू सिंह, डॉ डीपी कुशवाहा, डॉ पुष्पराज सिंह, डॉक्टर गुलाब धर, सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर एसएस राठौर द्वारा किया गया। भोपाल में दिनांक 16 अक्टूबर 2022 को माननीय गृह मंत्री भारत सरकार श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सभी शिक्षकों की उपस्थिति भोपाल से सीधा प्रसारण उपस्थित अनिवार्य की गई तथा छात्र-छात्राओं को भी निर्देशित किया गया है कि वे महाविद्यालय में 16 अक्टूबर को प्रातः 11-00 बजे उपस्थित होकर उक्त कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखें।



# बजट में खेलिए ज़िंदगी की रेस आसान लगेगी

परिवार चलाना कोई बच्चों का खेल नहीं, लोहे के चने चबाने जितना कठिन काम है। ÷संसार के सारे मर्दों के जज़्बे को सौ सलाम÷। एक इंसान बीवी-बच्चों और परिवार को तमाम सुख-सुविधा देने के लिए रीढ़ झुकने तक ताज़िंदगी पसीने में नहाता है। उस मेहनत के बदले मिली पगार को अपनी पत्नी की हथेलियों पर एक भरोसे के साथ ये सोचकर रखता है, कि मेरी गृहलक्ष्मी इसका सही जगह पर इस्तमाल करके मेरा घर बखूबी चलाएगी; और कुछ बचत करके जरूरत पड़ने पर मेरी मदद करेगी। ÷कुछ मर्द पत्नी से कभी कोई हिसाब नहीं मांगते÷ पर क्या कुछ स्त्रियाँ उनको मिल रही सहुलियत का गैरफ़ायदा नहीं उठा रही?

70त्न पुरुष अपने घर, परिवार के लिए जी रहे होते है। अपनी जरूरतों पर कैंची चलाते बीवी बच्चों को खुश रखने की मर्द की जद्दोजहद काबिले तारीफ़ है। एक इंसान सुबह टिफ़ीन लेकर निकल जाता है और रात को थका-हारा महज़ सोने के लिए घर आता है क्यूँ? क्यूँकि उसके परिवार को हर वो खुशी दे सके हर सुख सुविधा दे सकें। त्योहारों पर भी बीवी-बच्चों पर सारा बोनस खर्च कर देंगे, अपने लिए एक चीज़ नहीं लेंगे। बीवी के आग्रह करने पर भी कहेंगे अरे पिछले साल लिए थे वो कपड़े दो-तीन बार ही पहने है वही चलेंगे, तुम अपने लिए साड़ी ले लो। गहने भी बीवी और बेटी के लिए बनवाएंगे खुद के लिए आधे तोले की चेइन भी नहीं लेंगे। और हम औरतें! महज मैचिंग की एक लेगिन्स लेने मौल में जाती है और लौटते वक्त दोनों हाथों में तीन-तीन बैग उठाकर वापस लौटती है। फिर घर आकर हिसाब लगाने पर अफ़सोस जताती है, हाय रे कुछ ज़्यादा ही खर्चा हो गया। फिर मन मनाते है, ठीक है अगली बार ध्यान रखूँगी। पर क्या अगली बार भी ध्यान रहता है? हरगिज़ नहीं! शोपिंग हर स्त्री की मनपसंद हॉबी है। पुरुष छेद वाले बनियान में चार महीने निकाल लेते है, चप्पल भी चार टांके लगवा कर चला लेते है, बच्चों के पुराने मोबाइल में दो साल निकाल लेते है सिर्फ़ इसलिए की मेरे परिवार को सब नया दे सकूँ। और हम औरतें एक ही साड़ी दूसरी बार पहनने से ये सोचकर कतराती है कि



अरे ये तो सबने एक बार देख ली है। क्या ऐसी मानसिकता पति के प्रति ज़्यादती नहीं है?

कुछ औरतें समाज का डर दिखाकर पास-पड़ोस, सहेली और रिश्तेदारों की देखा देखी करते पुरुष के कँधो पर इतना बोझ डाल देती है की बेचारा कितना भी जूझे दो सिरे जोड़ने में कामयाब होता ही नहीं। इस महंगाई के ज़माने में पुरुष कितना भी कमा कर दें औरतों की जरूरतें ख़त्म होने का नाम ही नहीं लेती। कुछ औरतें यह नहीं सोचती की हर किसीकी कमाने की क्षमता एक सी नहीं होती, अपने पति की कमाई और अपनी हैसियत के हिसाब से खर्च करके पूरे महीने के बजट को ध्यान में रखने की बजाय आलतू-फ़ालतू चीज़ों पर खर्च करके बजट हिला देती है, और पति पर बर्डन ड़ाल देती है। किसी-किसी औरत को तो अपनी सहेली के पति की ज़्यादा कमाई देखकर अपना कम कमाने वाला पति निकम्मा और निठल्ला लगने लगता है। अरे भई आपने सब देखभाल कर, सोच समझकर शादी की थी; तो अब इतना असंतोष क्यूँ? सबकी तकदीर एक सी नहीं होती।

पैसे पेड़ पर नहीं उगते इंसान 12 घंटे पसीना बहाते है तब जाकर हरी पत्तियों के दर्शन होते है। पति पूरी पगार हाथ में रख दें और पूरी छूट दे दें इसका मतलब ये हरगिज़ नहीं की जो है, जितना है फूँक ड़ाले। एक बात हंमेशा याद रखें कि समय एक सा नहीं रहता, अचानक आई मुसीबतों के लिए बचत करना बेहद जरूरी होता है; ताकि खराब समय में किसीके आगे हाथ फैलाने की नौबत न आए।

कुछ औरतें दूसरों की थाली में कितना है ये देखने के चक्कर में खुद भूखी रह जाती है। मतलब सहेलियों के पास कितनी साड़ियाँ और ज़ेवर है उसकी ईर्ष्या करते खुद के पास जो है उसका आनंद नहीं उठा पाती। पडोस में 58 इंच का बड़ा टीवी, या नया डबल डोर फ्रिज़ आता है तो अपने घर का 32 इंच का टीवी और सिंगल डोर फ्रिज़ खटकने लगता है। पर दिखावे के चक्कर में अपने पति की रीढ़ पर दुगना बोझ मत ड़ालिए। अपनी बँधी आय में घर का बजट बनाकर उस हिसाब से चलेंगे तो न बजट लड़खड़ाएगा न पति के कदम ड़गमगाएँगे न दिल का दौरा पड़ेगा। घर की लक्ष्मी बनकर रहेंगे तो घर में लक्ष्मी की चमक और रौनक दिखेगी। पति की सेहत से ज़्यादा बड़ी कोई दौलत नहीं। जरूरत से ज़्यादा बोझ तनाव पैदा करता है और तनाव का सीधा असर दिल पर पड़ता है। इसलिए जो है जितना है उसी में खुश रहना सिखिए ज़िंदगी आसान लगेगी।

## अम्मा महाराज ने सच्चे जनसेवक के रूप में आजीवन कार्य किया- मुदगल

**अरूण खंगार,रिपोर्टर पुष्पजली टुडे**



**पोहरी।** बैराड़ अम्मा महाराज न सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ रही हैं बल्कि उन्होंने पार्टी को उस समय से सींचा है जब पार्टी रूपी पौधा आकार ले रहा था। आज जब भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है तो किसके लिए नींव अम्मा महाराज के द्वारा तैयार की गई। स्वर्गीय अम्मा महाराज जनता के हृदय में थीं तो वहीं अम्मा के हृदय में भी जनता सर माथे पर थी, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जनसेवा की भावना ही उनका परम उद्देश्य था यह उद्गार भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष दिलीप मुद्गल के द्वारा कहे गए। नगर के मंडी चौराहे परमें स्वर्गीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया के जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर भजन संध्या एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका आयोजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवपुरी दिलीप मुद्गल के द्वारा किया गया। गौरतलब है कि दिलीप मुद्गल द्वारा हर वर्ष इस दिन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है उसी श्रंखला में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। देर रात तक चले इस भव्य कार्यक्रम में जगदंबे ग्रुप अलीगढ़ द्वारा भगवान शंकर, राम जानकी दरबार, मां काली , श्री कृष्ण के कई रूपों की सुंदर झांकियां एवं गायक अंकित जैन गुना एवं आरती मिश्रा जबलपुर के द्वारा मनमोहक भजनों को सुनाया गया जिसे उपस्थित जन समूह द्वारा ने खूब सराहा गया।

## नगर रन्नौद में जन समस्या निवारण केंद्र से लोगो में खुशी की लहर




**प्रदीप जैन रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**रन्नौद** कोलारस विधानसभा में असहाय गरीब निराश्रित लोगों के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जाए जनहित योजनाओं का क्यूप्रत्येक व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य माननीय विधायक बीरेंद्र रघुवंशी द्वारा क्षेत्र में जन सेवा समस्या निवारण केंद्र का संचालन किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक लोग उसका लाभ उठा रहे रन्नोद नगर परिषद वार्ड क्रमांक 10 में संचालित जन समस्या निवारण केंद्र अब तक क्षेत्र में सैकड़ों लोगों को लाभ लिया गया है जिसका प्रत्येक जन को खुशी एवं उत्साह है




जनसेवा समस्या केंद्र अधिक से अधिक लोग अपनी समस्या दर्ज करा रहे हैं उनका तत्काल निराकरण भी किया जा रहा है

## यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल भारत सार्वभौमिक मानवअधिकार परिषद संगठन की मध्यप्रदेश यूनिट द्वारा जिला चिकित्सालय मे फल एवं बिस्किट किए वितरित।

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-शिवपुरी में यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल भारत की मध्यप्रदेश यूनिट द्वारा जिला चिकित्सालय में आज मरीजों एवं अटेंडरो को किए फल एवं बिस्किट आदि वितरित किए जो ईद मिलाद उन्नवी के मुबारिक महीने में प्यारे नवी मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष में गरीबों एवम् मरीजों सहित अटेंडरों को फल एवम् सलफहार आदि वितरित कर मोहम्मद साहब के द्वारा दिए गए समाज सेवा के कार्यों को पूरा करने का एक प्रयास भर है। और यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल प्रत्येक माह में समय समय पर जरूरत मंद लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। जैसे कोरोना काल में मध्यप्रदेश टीम द्वारा गरीबों को मुफ्त ऑक्सीजन सिलेंडर, राशन एवं भोजन




की सुविधा मोहिया कराई, इसी सिलसिले में आज पुनः यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल भारत की मध्यप्रदेश यूनिट द्वारा जिला चिकित्सालय में मरीजों एवं अटेंडरो को किए फल एवं बिस्किट वितरित किए। उक्त कार्यक्रम में डॉ. आरके चौधरी, डॉ. एसके पिप्पल, डॉ. अर्पित बंसल, डॉ. दिनेश अग्रवाल, जावेद अली (बाबू), सोहिव खान (वेंडर 108), मोहम्मद दारा खान (प्रदेश अध्यक्ष), श्रीमती वंदना शर्मा (महिला प्रदेश अध्यक्ष), हाजी अतौर्रेह रहमान (प्रदेश उपाध्यक्ष), शैलेंद्र त्रिपाठी (प्रदेश उपाध्यक्ष), शाहिद खान (प्रदेश सचिव), अस्पाक हुसैन (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), अरशद अली (राष्ट्रीय सदस्य), शुहेल खान (प्रदेश संगठन मंत्री), तारिक शिद्धिकी (जिला अध्यक्ष), उमर खान ( प्रदेश संगठन मंत्री), इमरान खान (जिला सचिव), सौकिन अहमद (प्रदेश सह सचिव), यूसुफ खां ( जिला मीडिया प्रभारी), मोनू नामदेव (प्रदेश महा सचिव) आदि उपाथित रहे।

## हिंदी में ज्ञान का प्रकाश विषय पर मेडिकल कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** हिंदी में ज्ञान का प्रकाश विषय पर शनिवार को मेडिकल कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें मेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा हिन्दी भाषा में मेडिकल की पढ़ाई के संबंध में जानकारी तथा 16 अक्टूबर को चिकित्सा शिक्षा के हिन्दी पाठ्यक्रम के शुभारंभ कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई। मेडिकल कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने हिंदी भाषा में चिकित्सा शिक्षा शुरू होने पर अपने विचार व्यक्त किए और कहा चिकित्सा शिक्षा हिन्दी माध्यम से शुरू करना प्रदेश सरकार की एक अच्छी पहल है। इससे हिंदी माध्यम से अपनी पढ़ाई करने वाले छात्र अब मेडिकल की पढ़ाई भी हिन्दी माध्यम से ही कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का पाठ्यक्रम हिंदी में होने से मध्यप्रदेश के अनेक बच्चे लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ के बी वर्मा, चिकित्सक, स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## चौकी हिम्मतपुर थाना पिछोर की बड़ी कार्यवाही 100 लीटर अवैध लहान व हाथ भट्टी को किया नष्ट

### 56 लीटर जहरीली कच्ची शराब व शराब बनाने की सामान सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**राकेश परिहार रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,**पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर दीपक तोमर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 15/10/22 को थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में ऑपरेशन





प्रहार के तहत अवैध शराब विरोधी अभियान के अंतर्गत आज पिछोर पुलिस ने ग्राम भगा के पास जंगल में बने अवैध शराब बनाने के अड्डो पर छापा मारकर 100 लीटर शराब बनाने का गुड़ का लहान व भट्टी नष्ट की यह लोग भारी पैमाने पर बेचने के लिए शराब तैयार कर रहे थे लेकिन पुलिस ने शराब बनाने के अड्डे नष्ट कर दिए तथा आरोपी गोविंद पुत्र गजराज सिंह चौहान उम्र 50 वर्ष निवासी देवगढ़ के कब्जे से अवैध रूप से हाथ भट्टी की जहरीली कच्ची शराब 56 लीटर जप्त की गई व आरोपी राहुल पुत्र जहार सिंह निवासी भगा का जंगल का फायदा उठाकर भाग गया दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना पर अपराध क्रमांक,625/22 धारा 34(2) 49 का आबकारी एक्ट कायम किया गया अवैध शराब बनाने वालों के विरुद्ध यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी उक्त कार्यवाही में थाना पिछोर प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर चौकी प्रभारी हिम्मतपुर एसआई नितिन भार्गव एसआई अरविंद सिंह जाट, अमर लाल बंजारा, चरण सिंह, संतोष यादव, दीपक चौहान, रामनाथ, खाडेराम , सैनिक रामकिशन सैनिक शिरनाम की सराहनीय भूमिका रही

## 9वीं के छात्र को बुरी तरह पीटासीनियर छात्र जबरन बाइक पर बिठाकर ले गए, मारपीट में आंख और कान में लगी गंभीर चोट, 2710 रुपए भी छीने

**संवाददाता सुनील कुमार अहिरवार पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़** शहर के सरोज कान्वेंट प्राइवेट स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्र विनीत दुबे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। उसके साथ स्कूल में कक्षा 10वीं और 11वीं में पढ़ने वाले छात्रों ने मारपीट की। पीड़ित छात्र ने बताया कि सीनियर छात्र बीच रास्ते से जबरन बाइक पर बैठाकर कुंअरपुरा रोड पर सुनसान इलाके में ले गए। इसके बाद करीब आधा दर्जन छात्रों ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की।

छात्र विनीत दुबे ने कोतवाली थाना प्रभारी के नाम लिखे आवेदन में बताया है कि 13 अक्टूबर को वह पुलिस लाइन रोड पर जा रहा था। इसी दौरान उसके स्कूल के कक्षा 10वीं और 11वीं के छात्र वहां आए और जबरन बाइक पर बैठाकर ले गए। पीड़ित छात्र



ने बताया कि करीब आधा दर्जन सीनियर छात्रों ने मिलकर बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी एक आंख और कान में गंभीर चोटें आई है। बेहोशी की हालत में सीनियर छात्र उसे छोड़कर भाग गए।

### मोबाइल तोड़ा, 2710 रुपए भी छीने

छात्र विनीत दुबे ने कोतवाली थाना प्रभारी के नाम लिखे आवेदन में बताया है कि 13 अक्टूबर को वह पुलिस लाइन रोड पर जा रहा था। इसी दौरान उसके स्कूल के कक्षा 10वीं और 11वीं के छात्र वहां आए और जबरन बाइक पर बैठाकर ले गए। पीड़ित छात्र ने बताया कि करीब आधा दर्जन सीनियर छात्रों ने मिलकर बुरी तरह पीटा, जिससे उसकी एक आंख और कान में गंभीर चोटें आई है। बेहोशी की हालत में सीनियर छात्र उसे छोड़कर भाग गए।

मोबाइल तोड़ा, 2710 रुपए भी छीने

पीड़ित छात्र ने कहा कि मारपीट के बाद सीनियर छात्रों ने मोबाइल तोड़ दिया और जेब में रखे 2710 भी छीनकर ले गए। इसके अलावा आरोपी छात्रों ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करने की धमकी भी दी। हादसे के बाद विनीत ने मामले की लिखित शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज करा दी, लेकिन 2 दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### बीट प्रभारी ने बच्चों का मामला का कहकर लौटाया

शुक्रवार को विनीत ने इस संबंध में एसपी दफ्तर में भी शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में विनीत के रिश्तेदार गौरीशंकर शर्मा ने बताया कि जब कोतवाली में शिकायत लेकर पहुंचे तो बीट प्रभारी ने बच्चों का विवाद कहकर लौटा दिया।

### इन छात्रों पर लगाए मारपीट के आरोप

शिकायत पत्र में पीड़ित छात्र विनीत दुबे ने सीनियर छात्र रूद्रराज सेन निवासी ढोंगा, कृष्णकांत भोंडेले निवासी ढोंगा, विनय मांझी निवासी सेल सागर चौराहा, अज्ञात सोनी सहित 4-5 अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई गई अम्मा महाराज की जयंती

**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** पिछोर खोड़ अम्मा महाराज अमर रहे श्रीमंत राजे साहब जिंदाबाद भारतीय जनता पार्टी मंडल खोड़ के कार्यकर्ताओं द्वारा द्वारा भाजपा की नीव एवं त्याग तपस्या बलिदान की प्रतिमूर्ति और राजमाता से लोकमाता बनी ऐसी हमारे





जन जन के हृदय में निवास करने वाली एवं श्रीमंत महाराज यशोधरा राजे सिंधिया जी कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन की माताजी कैलाश वासी श्रीमंत अम्मा महाराज राजमाता विजय राजे सिंधिया जी की 103बी जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास, सेवा और समर्पण भाव के साथ मनाई गई जिसमें भजन संध्या का कार्यक्रम एवं नशा मुक्त समाज एवं ग्राम पंचायत गणेश खेड़ा में हाट बाजार का नामांकन श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी के नाम से खोले जाने का संकल्प लिया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी मंडल खोड़ के मंडल अध्यक्ष श्री केरन सिंह लोधी जी एवं विधायक प्रतिनिधि बृजमोहन निगोती जी तथा मंडल महामंत्री महेश परिहार गणेश खेड़ा तथा ग्राम पंचायत गणेश खेड़ा के सरपंच श्री राम प्रकाश लोधी जी एवं कार्यालय मंत्री श्री राजकुमार लोधी जी मंडल मीडिया प्रभारी रमाशंकर लोधी जी एवं बलबीर लोधी जी अरविंद लोधी जी सिंह लोधी जी आदि सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत गणेश खेड़ा के द्वारा रखा गया इसमें सभी जेस्ट श्रेष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा अस्पताल पहुंचकर फल आदि वितरण किया गया भजन संध्या कार्यक्रम में उपस्थित हजारों की संख्या में लोग उमड़े एवं सभी ने पुष्पांजलि अर्पित की इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री केरन सिंह लोधी मंडल अध्यक्ष, राजकुमार लोधी जी कार्यालय मंत्री, महेश परिहार गणेश खेड़ा मंडल महामंत्री, श्री राम प्रकाश लोधी जी सरपंच गणेश खेड़ा, अरविंद लोधी कार्यकर्ता आदि की अहम भूमिका रही

# अटेर महाउत्सव में चंबल क्षेत्र की वीरगाथाओं को जन-जन तक पहुंचाएगा संस्कृत विभाग : अरविंद सिंह भदौरिया

### महाउत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया अपने तीन दिवसीय जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत अटेर पहुंचे जहां उन्होंने नवंबर माह में होने जा रहे ऐतिहासिक अटेर महाउत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की मंत्री डॉक्टर भदौरिया ने समीक्षा बैठक के दौरानअटेर विधानसभा में आगामी 27-28 नवम्बर को होने वाले अटेर महोत्सव के लिए चिन्हित स्थान का अवलोकन किया एवं तैयारियों को लेकर जिला अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए।

देश एवं प्रदेश में चम्बल क्षेत्र की वीर गाथा लोगो तक पहुंचाने के लिए अटेर महोत्सव का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर संपूर्ण व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा आम जनता के लिए बैठने की एवं स्वच्छता के लिए भी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया उन्होंने कहा कि हम सबकी इस बार सबके लिए जिम्मेदारी है कि वे अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाए कार्यक्रम में सांस्कृतिक विभाग द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति एवं आकर्षक अटेर क्षेत्र के चंबल गाथा की पहचान को भी बताया जाएगा इसमें अटेर विधानसभा क्षेत्र से ही नहीं बल्कि पूरे जिले से लोग भी इस उत्सव में शामिल होने के लिए आएंगे यह पहली बार आयोजित किया जा रहा है और मध्य प्रदेश सरकार ने अपने सांस्कृतिक विभाग कैलेंडर में शामिल किया है द्य

आज जनपद पंचायत अटेर के सभागार में आज प्रस्तावित अटेर महोत्सव एवं देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के ग्वालियर प्रवास की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक महोदय की उपस्थिति में अटेर ब्लॉक के अधिकारियों के साथ बैठक की । आज अटेर विधानसभा में आगामी 27-28 नवम्बर को होने वाले अटेर महोत्सव के लिए चिन्हित स्थान का अवलोकन किया एवं तैयारियों को लेकर जिला अधिकारियो को दिशा निर्देश दिए।

देश एवं प्रदेश में चम्बल क्षेत्र की वीर गाथा लोगो तक पहुंचाने के लिए अटेर महोत्सव का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष किया जाएगा। अटेर विधानसभा में आगामी 27-28 नवम्बर को होने वाले अटेर महोत्सव के लिए चिन्हित स्थान का अवलोकन जिले के अधिकारियों के साथ किया। अटेर महोत्सव का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष किया जाएगा। यह उत्सव चम्बल की गाथा को देश -प्रदेश से आ रहे लोगो के सामने रखेगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सतीश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ,अटेर जनपद अध्यक्ष श्रीमती कमला देवी शर्मा,भाजपा युवा नेता विकास शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे ।

## रेड क्रॉस सोसायटी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित



**केशब पंडित जी**

**अम्बाह।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बाह की रेड क्रॉस सोसायटी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ शिक्षा की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर उपस्थित हुए तथा आपके द्वारा ही रेड क्रॉस के स्वयं सेवकों को मनावता से जुड़े कार्यों के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बोलते हुए प्राचार्य द्वारा मानव सेवा भाव की महत्ता को बताया गया। आपने बताया कि किस प्रकार भगवान श्री राम की सेवा करने के कारण हनुमान जी को अजर और अमर होने का वरदान मिला। इसके साथ ही प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थीयों को इस सोसायटी के अंतर्गत होने वाले कार्यों में भागीदारी करने के लिए भी आव्हान किया गया। रेड क्रॉस सोसायटी के डायरेक्टर प्रो. मुकेश श्रीवास द्वारा सोसाइटी के सत्र पर्यन्त होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन तथा सभी का अभिनंदन प्रो. शमीम गौरी द्वारा तथा आभार प्रदर्शन डॉ. राजकुमार सिंह तोमर ने किया। कार्यक्रम में डॉ. रामकिशोर उपाध्याय के साथ साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में पहुंची तहसीलदार निशा भारद्वाज

### कर्मचारियों को प्रतिदिन पंचायत में बैठकर जनता की सुने



**रिपोर्टर -प्रतिश अग्रवाल पुष्पांजद्यद्व टुडे**

मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में राघोगढ़ जनपद नसीरपुर पंचायत द्वारा आयोजित शिविर में सभी भिभागो के कर्मचारी सामुदायिक भवन में उपस्थित हुऐ।और अपने अपने विभागो की योजनाओं के बारे में हितग्राहियों जानकारी दी साथ ही साथ नसीरपुर पंचायत में निवास करने वाले निवासियों ने अपनी अपनी बात आवेदन के माध्यम से जैसे किसी गांव वासी ने गरीबी रेखा के अंतर्गत जीवन यापन करने के लिए राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन दिया तो किसी ने आवास कुटीर के लिए आवेदन दिया तो किसी ने शौचालय बनवाने के लिए आवेदन दिया तो किसी ने वृद्धा पैंशन बनवाने की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया तो किसी ने परिवार आईडी का विभाजन करवाने के लिए आवेदन दिया इस समय पंचायत के सामुदायिक भवन में पंचायत के सचिव दिलीप शर्मा द्वारा सभी को व्यवस्थित जानकारियां देकर पंचायत के कार्यों को आगे बड़ाने की बात कही।

## विश्वकर्मा जन संगठन द्वारा मौ कस्बे में किया राजमाता विजयराजे सिंधिया जी को याद

**पवन विश्वकर्मा पुस्पंजलि टुडे मौ रिपोर्ट**

**भिंड** - मौ नगर में आज राजमाता विजयराजे सिंधिया जी की 103 वी जयंती पर द्वारकापुरी वार्ड नंबर 13 में बने वृद्ध आश्रम पर सभी वृद्धजनों को फल वितरण किए जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम बनोरिया जी ने कहा राजमाता विजय राजे सिंधिया सेवा भाव सदभाव त्याग की प्रतिमूर्ति थी इस बीच विश्वकर्मा जन संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बेताल विश्वकर्मा जिला संगठन मंत्री पवन विश्वकर्मा मौ नगर अध्यक्ष डॉ. गोविंद विश्वकर्मा उपाध्यक्ष कपिल ओझा उपाध्यक्ष राजीव विश्वकर्मा संगठन मंत्री श्री भगवान सुरक्षा मंत्री करताल विश्वकर्मा सचिव जीतेंद्र विश्वकर्मा मंत्री रामू विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष कार्तिकेय विश्वकर्मा डॉक्टर सुनील गोयल चंदू गोयल कुलदीप आदि लोगों की उपस्थिति मैं कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

# नशा समाज के लिए खतरा,नशा करने वालों पर होगी कड़ी निगरानी-अभिषेख सिंह

### अब तक कईयों को भेज चुके है जेल-तो वही सुधरने वालो को ,नशा मुक्ति केंद्र -अभिषेख सिह

**स्टेट हेड आनंद कुमार शाही पुष्पांजली टुडे**

**झारखण्ड ।** हज़ारीबाग़ पेलावल थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा थाना अंतर्गत क्षेत्र में कईयों नशेड़ीओं को जेल भेजने का काम लगातार कई महीनों से किया जा रहा है वही अब तक साठ लोगों को जो व्यक्ति सुधरने वाले हैं उनको नशा मुक्ति केंद्र भी भेजने का काम किया गया है वही बताते चलें कि पेलावल थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा लगातार हर महीने 15 से 20 व्यक्तियों को नशा के शिकार या नशा बेचने के काम में संलिप्त होने पर थाना के द्वारा जेल भेजने का काम किया गया है। वही पेलावल थाना अंतर्गत क्षेत्र के युवा दिन रात नशे के शिकार बनते जा रहे हैं लेकिन पेलावल थाना प्रभारी की लगातार उपलब्धि के कारण युवाओं में सुधार आ रही है, थाना अंतर्गत जितने भी प्रखंड है सभी मुखिया और



पंचायत के सदस्य लगातार नशा के खिलाफ थाना को सूचित कर नशेड़ीयो के ऊपर लगातार लगाम कसने का कार्य करवा रहे हैं । पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा नशा के शिकार युवाओं को लगातार मीटिंग में सभी थानों पर मॉनिटरिंग किया जा रहा है, जिसमें की युवा पीढ़ी बर्बाद ना हो अब तक पेलावन थाना के उपलब्धि लगातार बढ़ते जा रही है समाजसेवियों ने पेलावल थाना की उपलब्धि को लेकर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह को इस नेक कार्य के लिए बधाई भी दिया है । चुकी थाना प्रभारी के पहल पर बहुत सारे युवाओं के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति केंद्र के तहत सुधार लाया गया है, वहीं पेलावल थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति नशा का शिकार हो रहा है तो हमें तुरंत सूचित करें उनका नाम पता गोपनीय रखा जाएगा ,साथ ही नशा करने वालों या नशा का धंधा करने वाले ब्यक्तियो पर प्रशासन के द्वारा उचित करवाई किया जाएगा ।

## नगर इंदरगढ़ में मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना का शिविर का आयोजन किया गया

**विवेक सेन पुष्पांजली टुडे**



**दतिया।** नगर इंदरगढ़ में मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना का शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री सुरेंद्र बिधौलिया जी जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे जिसमें संबल योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को दो ?200000 के चेक वितरण किए एवं वृद्ध जनों को कान की मशीन वितरण की एवं व्हीलचेयर एवं वृद्ध जनों का सम्मान समारोह किया गया जिस में उपस्थित जनपद सीईओ संजय मिश्रा जी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रामस्वरूप मंडेलिया जनपद अध्यक्ष रविता रुस्तम जाटव जनपद उपाध्यक्ष सुनील बिधौलिया जी मंडल अध्यक्ष राम लखन गुर्जर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह कमरिया हाकिम सिंह गौतम जिला कोषाध्यक्ष सभी जनपद सदस्य सभी सरपंच एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

# अबैध लाटरी को लेकर पेलावाल के सरपंच मोश साबिर ने उपायुक्त हजारीबाग को कार्यवाही के लिए दिया आवेदन

**स्टेट हेड झारखंड-आनन्द शाही**

**हजारीबाग(पुष्पांजली टुडे)**-पेलवाल में अवैध लॉटरी के थोक विक्रेताओं ने पेलावल व अगल बगल के गांवों के यूवकों को इस लत में डाल कर उनके परिजनों को परेशानी व बर्बादी के कगार पर खड़ा कर दिया है। अतःआज पेलावल उत्तरी के सरपंच मोहम्मद साबिर ने एक गुहार पत्र हजारीबाग डीसी को सौंपा। यह नशा ड्रग के नशा से कम तर नहीं है। आसान पैसा कमाने के चक्कर में युवक गलत सलत रास्ता अपना कर पैसा जुगाड़ते हैं और लॉटरी टिकट में खुद बर्बाद हो जाते हैं और अपने परिजनों को भी बर्बाद कर देते हैं। पेलावल के दोनों पंचायत के प्रतिनिधियों ने एवं जिला परिषद सदस्या मंजू नंदिनी , उत्तरी मुखिया मो.अखलाक,दक्षिणी मुखिया नूरजहां , उत्तरी उपमुखिया मो.अयुब उर्फ बबलू एवं पेलावल के अन्य गणमान्य लोगों की राय मशवरा से यह तय किया गया कि कम से कम पेलावल में इस धंधे पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। इसमें पेलावल विकास मंच के संस्थापक एम.हक भारती ने भी समर्थन दिया।



### अबैध लाटरी बेचने वालों पर लगातार हो रही है कार्यवाही -पेलवाल थाना प्रभारी अभिषेख कुमार सिंह

पेलावाल थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि अवैध लॉटरी बेचने वालों के खिलाफ कईयों को जेल भेजा जा चुका है । माननीय पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार लगातार छापामारी किया जाता है अवैध लाटरी बेचने वालों की खैर नहीं है, सूचना मिलते ही तुरंत करवाई किया जाता है । उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे लोग जो लॉटरी का लत लगा रहे हैं उन सभी चिन्हित लोगों पर करवाई होगी साथ ही जो अवैध लॉटरी खरीदते हैं उन पर भी प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी ।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई मिसाइल मैन अब्दुल कलाम की जयंती



**भिंड** - भूतपूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सर्किट हाउस पर उनकी चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर जयंती मनाई । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष टीपू भदौरिया एवं अमित जैन ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन सादगी से जीते हुए देश को समर्पित किया, देश को नई ऊंचाइयां दी एवं परमाणु आत्मनिर्भर बनाया और देश के विकास में अहम भूमिका निभाई और भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक ने कहा कि मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वर में हुआ था। अब्दुल कलाम भी ऐसे ही शख्स थे जो विपरीत परिस्थितियों से गुजरते हुए एक अलग मुकाम हासिल किया. अब्दुल कलाम का नाम भारतीय इतिहास में सुनहरे अक्षरों में अंकित किया जाएगा. उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें युगों युगों तक याद किया जाएगा. इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला महामंत्री टंटी राजावत, श्याम राठौर, संतोष राजावत,मोनू नरवरिया, बच्चा सिंह,सूरज बरुआ, प्रतीक पांडे, रवि बाजपाई, कौशलेंद्र सिंह, शिवनंदन सिंह भदोरिया, सत्येंद्र सिंह, दिलीप आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री हरि वृद्ध आश्रम में किशोर दा की पुण्य स्मृति में संगीत संध्या का आयोजन सम्पन्न







**रघुवर दयाल गोहिया पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल/विदिशा।** गत दिन फ़िल्म जगत के मशहूर हरफन मौला गायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि के अवसर पर संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशोर कुमार फेम आशुतोष ठाकुर, डॉ. आकाश जैन, इतिहासविद और समाजसेवी श्री गोविंद देवलिया थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किशोर कुमार के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद किशोर दा के बारे में अनेक रोचक प्रसंग सुनाए गए। कई गायक कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज में किशोर दा के सदाबहार गीत सुना कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के बीच आदरणीय आशू तोष ठाकुर जी का जन्म दिन भी सभी उपस्थित जनों ने बहुत धूम धाम से मनाया। इस अवसर पर आशुतोष ठाकुर जी ने सभी को किशोर दा के गीतों से मंत्र मुग्ध कर दिया। गायक श्री संजय दुबे, डॉ. रवि साहू, सिद्धार्थ सोनू ओर क़ई प्रख्यात गायकों ने भी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी।

## श्री राम लिख कर हनुमान भक्त ने भेंट की श्री हनुमान जी की प्रतिमा

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद। सुरेश** शर्मा एडवोकेट दवोहा भिंड से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति अनुसार श्री सिद्ध पहाड़ी देव स्थान ग्राम बडेरा गोहद में



बृह्मलीन संत नारायण दास की प्रतिमा समाधि पर महाकाल से श्री देवीसिंह मीणा हनुमान भक्त ने राम राम लिखकर हनुमान जी की प्रतिमा बनाकर सिद्ध पहाड़ी के महंत सुतीक्षण दास कटारे बाबा को भेंट की।ये प्रतिमा श्री नारायण, श्री जितेन्दर, श्री नवीन नरवाहे इंदौर वालों ने दी। इस अवसर पर श्री श्री 108 श्री गोविंद दास जी, श्री सुरेश शर्मा एडवोकेट दवोहा भिंड श्री के सी शर्मा, श्री रूप सिंह वघेल, श्री विजय राम मोदी, श्री हेमसिंह आदि उपस्थित रहे।

## क्राइम समाचार

### लापता पति की तलाश में भटक रही गर्भवती महिला

ग्वालियर। पांच दिन से नगर निगम के लापता एक कर्मचारी की तलाश में उसकी आठ महीने की गर्भवती और डेढ़ साल की बेटी को गोद में लेकर उसकी पत्नी भटक रही है। पुलिस ने लापता की गुमइंसानी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार जनकगंज स्थित छत्री मंडी निवासी मनीष गर्दे (43) नगर निगम में कर्मचारी हैं। वह जनसंपर्क कार्यालय में बतौर क्लर्क पदस्थ हैं। पत्नी मोनिका व डेढ़ साल की बेटी के साथ छत्री मंडी में निवास करते हैं। मनीष 10 अक्टूबर 2022 को सुबह 10:45 बजे ऑफिस के लिए निकला था। पत्नी को मायके में छोड़ कर ऑफिस निकल गया था। उसी दिन शाम 5 बजे पति से फोन पर करवा चौथ का सामान लेने जाने के लिए बात हुई थी, फिर फोन बंद हो गया। उसे लगा कि मनीष काम में व्यस्त हो गया होगा। रात तक वापस आ जाएगा, लेकिन वह नहीं आया। मोनिका ने 2 दिन तक तलाश की। उसने ऑफिस में जाकर पूछा तो उनका कहना था कि वह नौकरी पर आया तो था, लेकिन जल्दी घर चला गया था। रिश्तेदार से पूछताछ की, तो उनको भी उसके बारे में जानकारी नहीं थी। महिला ने जनकगंज, पड़ाव थाने और एसपी ऑफिस के चक्कर लगाए, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। महिला 8 महीने की गर्भवती है और डेढ़ साल की बेटी राधा को लेकर पति को ढूंढने के लिए भटक रही है । जनक गंज थाना पुलिस ने गुमइंसानी दर्ज कर लापता की तलाश शुरू कर दी है।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

ग्वालियर।डबरा सिटी थाना क्षेत्र में चांदपुर तिराहे पर बाइक पर बैठकर बेटे के साथ घर जा रही महिला की बाइक से गिर गई, जिससे उसे गंभीर चोट आई। उसके सिर में लगी चोट के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार चांदपुर चौराहे पर गुमटी रखकर महिला फूलवती बाथम पत्नी स्वर्गीय रामबाबू बाथम अपने परिवार का जीवन यापन करती थी। वह अपने बेटे चंदन के साथ गांव जाने के लिए बाइक पर बैठी। तभी पीछे बैठी महिला फूलवती अचानक गिर गई, जिससे उसके सिर और शरीर के अन्य भाग में गंभीर चोट लग गई।महिला के परिजन उसे लेकर डबरा सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवती फांसी पर झूली

ग्वालियर।शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में स्थित किशन बाग में रहने वाली एक 20 साल की युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है ।जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के किशन बाग में रहने वाली लाली कुशवाह 20 साल में अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।मकान में रहने वाले किरायेदारों ने जब लाली को फांसी पर लटके देखा तो घटना की सूचना पुलिस और मृतका के भाई को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## गृहमंत्री अमित शाह की ग्वालियर दौरा ...

# गृहमंत्री के आगमन पर चप्पे-चप्पे पर सिक्योरिटी

### ग्वालियर में 3 हजार जवान संभालेंगे सुरक्षा, रूट-पार्किंग भी तय; पुलिस कर रही नॉन स्टॉप चैकिंग



ग्वालियर। एयर टर्मिनल के विस्तार का शिलान्यास करने आ रहे केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की एन्ट्री कड़ी सुरक्षा में होगी। एयरपोर्ट से सभा स्थल और जयविलास पैलेस तक 3 हजार से ज्यादा जवान व अफसर तैनात किए जा रहे हैं। पूरी सुरक्षा व्यवस्था की कमान एडीजी श्रीनिवास और एसएसपी ग्वालियर अमित सांघी ने अपने हाथ में ले रखी है। शहर की सीमाएं सील कर दी गई हैं और पुलिस नॉन स्टॉप चैकिंग कर रही है।

शहर में प्रवेश करने वाले हर वाहन की पूरी तलाशी लेकर ही जवान व अफसर आगे जाने दे रहे हैं, जो भी संदिग्ध दिखाई देता है, उसे थाने लाकर पड़ताल की जा रही है। जिन इलाकों से गृह मंत्री का काफिला गुजरेगा, उस इलाके में रहने वालों की जानकारी जुटाना शुरू कर दी है। हर घर के सदस्यों की संख्या और उनके घरों पर पुलिस नजर रख रही है।

एसएसपी अमित सांघी ने बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री की सुरक्षा के इंतजामों को फायनल टच दिया जा रहा है। सुरक्षा को देखते हुए क्राइम ब्रांच के साथ ही थानों में पदस्थ तेज तर्रार जवानों को सुरक्षा के लिए लगाया गया है। शहर के प्रवेश मार्ग पर स्थित थाना पुलिस को हर आने जाने वालों की जानकारी लेकर ही आने और जाने दे रहे हैं। लगभग शहर में एयरपोर्ट से लेकर सभा स्थल और जयविलास पैलेस तक तीन हजार से ज्यादा जवानों को तैनात किया जा रहा है। जवानों को ङ्कङ्कढ्ढक्क रूट पर पड़ने वाले ऊंचे भवनों पर भी तैनात किया जाएगा। हर घर में जाकर पुलिस पड़ताल कर रही है। सभा स्थल को भी पुलिस ने अभेद किले में बदल दिया है। शुक्रवार की सुबह से बम डिस्पोजल स्क्वॉड की टीमें भी मैदान में हैं। कार्यक्रम स्थल से लेकर उनके आने और जाने वाले मार्गों पर लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अलाव एयरपोर्ट, स्टेशन, बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सर्चिंग की है।

### रात भर होटल और धर्मशालाओं में की सर्चिंग

पुलिस ने रात में सड़क पर चैकिंग के साथ ही होटल और धर्मशालाओं के साथ ही लॉज व अन्य गेस्ट हाउस खंगाले है। पुलिस ने वहां पर रहने वालों की जानकारी एकत्रित की। यहां पर ठहरने वालों से उनके आने का कारण और कब तक वह यहां पर ठहरेंगे, इसकी पूरी जानकारी नोट की।

### चौराहे पर लगाए तंबू

शहर में जो जवान व अधिकारी चैकिंग में लगे हैं। उनकी बदली पॉइंट पर ही हो रही है। साथ ही, यहां उनके रिलीवर के लिए तंबू लगाए गए हैं, जिससे एक टीम यहीं पर आराम करेगी, तो दूसरी टीम यहां पर चैकिंग करेगी। इन तंबुओं में तीन पलंग लगाए गए हैं, जो कि आधा दर्जन जवानों के लिए पर्याप्त है।

### वीवीआईपी रूट पर पार्किंग तय

एयरपोर्ट से सभा स्थल तक केन्द्रीय गृहमंत्री के कार्यक्रम के लिए पुलिस ने रूट पर ट्रैफिक प्लान के साथ ही पार्किंग पर चारों दिशाओं से आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए पार्किंग तय कर दी है। जिससे किसी को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो।

### मेले ग्राउण्ड का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

ग्वालियर । मेले ग्राउण्ड में आयोजन स्थल का संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल सहित अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभास्थल और आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई व्यवस्था की जाए। आयोजन में आने वाले नागरिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी एवं वाहनों की पार्किंग व्यवस्था ठीक रहे। साथ ही यहां पर आने वाले आमजनों की सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चैबंद रखने के निर्देश दिए हैं।ग्वालियर में एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का शिलान्यास करने आ रहे केंद्रीय मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर ग्वालियर में काफी तेजी से तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में नगर निगम बालभवन में एडीएम इच्छित गडफले, अपर आयुक्त मुकुल गुप्ता ने सभी टीसी , वार्ड प्रभारी, कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सभी कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी के बारे में पूरी जानकारी दी गई। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि वह अपनी ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें।

### सत्येन्द्र शर्मा ने पीले चावल बांटकर निमंत्रण दिया



ग्वालियर। ग्वालियर में विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट के शुभारंभ के अवसर पर पधार रहे देश के गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में जनता जनार्दन की भागीदारी हेतु भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा, दिलीप पांडे, भानू प्रकाश व्यास, मुबीन खान, जुल्लो खान, विनोद तिवारी, आर्यन यादव रामजी, रजत सविता, राकेश पटेल,पप्पू सिंह, रमेश किरार, मनोज सिंह, अभिषेक कुमार, दिलीप सिंह आदि कार्यकर्ताओ ने आज किशनबाग एवं आनन्द नगर आदि छेत्रो में जनता जनार्दन को पीले चावल बाटकर निमंत्रण पत्र देकर आज 16 अक्टूबर 2022 को दोपहर 2 बजे मेलाग्राउंड स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का विनम्र निवेदन किया।

## पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब खेलोगे कूदोगे हो जाओगे लाजवाब



### केंद्रीय विद्यालय संगठन की 51 वी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता बालिका वर्ग का आज हुआ शुभारंभ

ग्वालियर। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक- 1 में आज राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता बालिका वर्ग का उद्घाटन सांसद विवेक नारायण शेजवालकर के द्वारा हुआ। सर्वप्रथम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के प्राचार्य गौरव द्विवेदी ने मुख्य अतिथि महोदय एवं विशिष्ट अतिथि कुलपति ,लक्ष्मीबाई शारीरिक संस्थान एवं अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति प्रो. विवेक पाण्डेय को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रतीक के रूप में पौधा प्रदान कर स्वागत किया। साथ ही खिलाड़ी प्रेरक हस्ती के रूप में केंद्रीय विद्यालय के भूतपूर्व छात्र सचिन पाल का भी स्वागत किया गया।

सांसद शेजवलकर के द्वारा केंद्रीय विद्यालय संगठन खेल प्रतिस्पर्धा का ध्वजारोहण किया गया इसके पश्चात भारत वर्ष के 19 संभागों से आई 33 हैंडबॉल बालिका टीम के द्वारा मार्च पास्ट हुआ । मार्च पास्ट में ड्रम बीट के लिए मास्टर देवांश द्विवेदी एवं मास्टर राम ने अपना सराहनीय योगदान दिया । विद्यालय की द्वितीय पाली के छात्र स्पोर्ट्स कैप्टन अजेंद्र सिंह ने कमांड देते हुए सभी प्रतिभागियों को खेल प्रतिज्ञा दिलाई । उत्साह, शौर्य की प्रतीक मशाल रेनू कुमारी सिंध ने प्रतिभागियों की ओर से अगुवाई करते हुए माननीय मुख्य अतिथि द्वारा प्रज्वलित हुई जिन्हें हर संभाग के प्रतिभागियों ने एक दूसरे को देते हुए खेल परंपरा का निर्वहन किया । विद्यालय की दोनों पाली के बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक आयोजन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा ।

मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ी बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा आज का समय बालिकाओं के लिए स्वर्णिम अवसर प्रदान कर रहा है श्री शेजवलकर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा एक समय खेलने वाले को बहुत अच्छा नहीं माना जाता था लेकिन उनका मानना है कि %पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब खेलोगे कूदोगे हो जाओगे लाजवाब%। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के प्राचार्य श्री गौरव कुमार द्विवेदी ने तीनों अतिथियों को विद्यालय की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदान किए ।

आज के आयोजन में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान के अनेक पदाधिकारी ,कोच एवं प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के पत्रकार बंधु, फोटोग्राफर ,विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। श्रीमती प्रभा होरो रेणुका एवं डॉ. एस. के. बघेल ने सफलतापूर्वक कार्यक्रम का संचालन किया ।

### आज के लीग मैच

प्रथम दिवस के लीग मैच के अंतर्गत एल एन आई पी ई के कोर्ट-1 और कोर्ट-2 मे केंद्रीय विद्यालय नंबर वन के खेल मैदान में लीग मैच हुए । जिनमें लखनऊ और दिल्ली के बीच, रायपुर और आगरा के बीच, देहरादून और जयपुर एवं जबलपुर और चेन्नई के बीच ,एर्नाकुलम और आगरा के बीच ,हैदराबाद और मुंबई के बीच एलएनयूआईपीई के खेल मैदान में खेले गए। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के खेल प्रांगण में देहरादून और रायपुर के बीच, देहरादून और रांची के बीच एवं दिल्ली और चेन्नई के बीच मैच हुए।बेंगलुरु एवं रायपुर की टीम का शानदार प्रदर्शन रहा । जयपुर -देहरादून जिसमें जयपुर 2-3 से जीता । देहरादून -रायपुर जिसमें रायपुर 6-0 से एवं चेन्नई -जबलपुर 3-7 से ,आगरा -रायपुर में रायपुर 7-4 से एवं आगरा 1/ह्य एर्नाकुलम 5-2 से विजयी हुए।

## संतान प्राप्ति, सुरक्षा और उत्तम स्वास्थ्य के लिए रखा जाएगा अहोईअष्टमी व्रत

### निसंतान महिला गर्भधारण करने के लिए करती हैं दिन राधा कुंड में स्नान

### तीन शुभ योग होने से इस दिन की महत्वता को बढ़ा रहे हैं



ग्वालियर। करवा चौथ के 4 दिन बाद और दीपावली से 8 दिन पूर्व अहोई अष्टमी का व्रत रखा जाता है। अहोई अष्टमी के दिन माताएं संतान प्राप्ति के साथ सुरक्षा और उत्तम स्वास्थ्य के लिए उषाकाल (भोर) से लेकर गोधूलि बेला (सांझ) तक उपवास करती हैं। सांझ के दौरान आकाश में तारों को देखने के बाद व्रत तोड़ती हैं। वहीं कुछ महिलाएं चंद्रमा के दर्शन करने के बाद व्रत को तोड़ती हैं।

बालाजी धाम काली माता मंदिर के ज्योतिषाचार्य डॉ. सतीश सोनी के अनुसार इस साल अहोई अष्टमी का व्रत 17 अक्टूबर दिन सोमवार को रखा जाएगा। इस दिन 3 शुभ योग बन रहे हैं। जिससे यह व्रत और भी शुभता प्रदान करने वाला होगा। अहोई अष्टमी पर सर्वार्थसिद्धि योग,शिवयोग और सिद्धि योग बन रहे हैं। यह तीनों योग पूजा-पाठ , अनुष्ठान के लिए शुभ माने गए हैं। शिव योग 17 को सुबह से लेकर शाम 4ः02 तक रहेगा। सिद्धि योग शाम 4ः02 से अगले दिन शाम 4ः53 तक, सर्वार्थ सिद्धि योग प्रातः 6ः23 तक कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी का प्रारंभ 17 अक्टूबर सोमवार सुबह 9ः29 से 18 अक्टूबर मंगलवार सुबह 11ः57 तक रहेगी। तारा देखने का शुभ मुहूर्त शाम 6ः13 से, 6ः13 के बाद महिलाएं व्रत का पारायण कर सकती हैं।

### निसंतान महिलाएं राधा कुंड में करेंगी स्नान

मान्यताओं के अनुसार जिन महिलाओं को गर्भधारण करने में समस्या आती है। इस दिन श्री कृष्ण की पत्नी राधा रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए राधा कुंड में डुबकी लगाते हैं। राधा कुंड में डुबकी लगाने से गर्भधारण में सफलता प्राप्त होती है। इसी विश्वास के साथ प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में जोड़ें गोवर्धन जाकर राधा कुंड में मध्य रात्रि मैं दंपत्ति पानी में खड़े होकर डुबकी लगाकर राधा रानी से आशीर्वाद लेते हैं। मध्य रात्रि जैसे निशिताकाल कहा जाता है। यह डुबकी लगाने का श्रेष्ठ समय होता है।

## लाईटिंग ने लगाए बैजाताल की सुंदरता में चार चांद

ग्वालियर। शहर के पर्यटन स्थल बैजाताल को और अधिक सुंदर बनाने के लिए ग्वालियर नगर निगम ने वहां पर लाईटिंग की है। इसमें चमचमाते हुए अक्षरों में मेरा गौरव मेरा ग्वालियर लिखा हुआ है। शाम के समय यह लाईटिंग काफी आर्कषक लग रही है। शाम को बैजाताल पर घूमने के लिए आने वाले लोग चमचमाती लाईटिंग के साथ बैजाताल का फोटो ले रहे हैं। साथ ही सैल्फी भी ले रहे हैं।

सूचना क्रमांक-/1164/



## सीवर समस्या का तत्काल करें निराकरणः महापौर

### साफ सफाई के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं



ग्वालियर। महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने आज शनिवार को वार्ड 23 स्थित सुरेश नगर क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र साफ सफाई निरंतर हो और प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन नियमित क्षेत्र में आए और सफाई व्यवस्था में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद सुरेश सोलंकी, उपायुक्त एपीएस भदौरिया, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर डॉ शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने आज वार्ड 23 के अंतर्गत सुरेश नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। महापौर डॉ सिकरवार ने सुरेश नगर में बने आईएचएसडीपी के आवासों के क्षेत्र में निरीक्षण किया और क्षेत्र के नागरिकों से चर्चा की तथा नागरिकों द्वारा सीवर सफाई को लेकर समस्यायें बताई जिसको लेकर महापौर डॉ सिकरवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर क्षेत्र की सीवर समस्या का निराकरण करें। इसके साथ ही क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर भी मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव को स्पष्ट निर्देश दिए कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें सभी क्षेत्रों में नियमित सफाई हो एवं नियमित रूप से कचरा उठे।

## मेले ग्राउण्ड का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



ग्वालियर। 16 अक्टूबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ग्वालियर दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वह एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वहां पर हजारों की संख्या में आमजन भी मौजूद रहेंगे। मेले ग्राउण्ड में आयोजन स्थल का संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल सहित अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478